Let me point out that overall CASA ratio declined from 48.52% in March'11 to 46.64% in March'12, a decrease of 188 bps, but this is still well above the CASA ratios other banks strive to achieve.

Gross Advances of your Bank recorded a YoY growth of 15.78% from ₹7,71,802 crores in March'11 to ₹8,93,613 crores in March'12. Credit deposit ratio (domestic) at 78.5% as at the end of March'12 was 220 bps higher than 76.3% at the end of March'11.

Your Bank's advances remain well distributed across all verticals. Large Corporate advances have grown from ₹1,08,741 crores in March'11 to ₹1,25,023 crores in March'12, registering a growth of 15%. Mid-Corporate Advances increased from ₹1,57,566 crores to ₹1,67,639 crores, growing by 6.4%. In fact, I am happy to place on record that your Bank has crossed a milestone of ₹1 lakh crore in agricultural advances.

Retail advances grew 10.9% from ₹1,64,576 crores in March'11 to ₹1,82,427 crores in March'12. Your Bank continues to be the No.1 Home Loan provider with a 26% market share. It also maintains its retail market leadership in Car loan financing and enjoys a market share of 17.51% as on March 2012.

Your Bank is also conscious of its responsibility towards the MSME segment which provides employment to large numbers and contributes substantially to India's GDP and exports. Advances under the SME Business Unit grew 17.40% from ₹1,39,470 crores in March'11 to ₹1,63,745 crores in March'12.

Dividend

I am happy to announce that the Board of Directors of your Bank has declared a dividend of ₹35 per share (350%) for the year ended 31st March 2012.

New Initiatives

- The new product, 'unFIXED Deposits', introduced by your Bank for deposits of 7-180 days, with option to break the deposit any time without penalty, has been a great success. With interest rate of 8-9%, this product is uniquely positioned to attract short term funds and compete with liquid mutual funds, which offer returns ranging from 8.8% to 9.5%.
- To promote trade finance, in March'11 your Bank launched a web-based portal, e-Trade SBI, to provide access to trade finance services with speed and efficiency. Presently, the e-trade platform has been introduced in all 6 CAG Branches and 63 MCG Branches. As on 31st March'12, 393 corporates have registered under e-Trade SBI.

''बैंक के सहयोगियों एवं अनुषंगियों ने सुदृढ़ संवृद्धि दर्शाना जारी रखा। वर्ष के दौरान, एसबीआई लाइफ का सकल प्रीमियम ₹13,000 करोड़ के स्तर को पार कर गया।''

- आपका बैंक स्वयं सहायता समूह बैंक ऋण जुड़ाव कार्यक्रम में बाजार में सर्वश्रेष्ठ है। मार्च 11 को इसकी बाजार में तकरीबन 25.55% हिस्सेदारी थी। मार्च 12 तक इसका 20.65 लाख स्वयं सहायता समूहों के साथ ऋण जुड़ाव हो चुका है और यह कुल मिलाकर ₹17,600 करोड़ राशि के ऋण दे चुका है।
- खुदरा खंड की बढ़ती मांग को पूरा करने और बाजार में उपलब्ध अपार संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए, आपका बैंक एक विशाल इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तंत्र स्थापित करने की दिशा में जोरदार प्रयास कर रहा है। इससे हमारे 108 मिलियन डेबिट कार्ड और मर्चेंट अभिग्रहण कारोबार इस तंत्र से जुड़ जाएँगे। अब तक 28,000 से अधिक पाइंट आफ सेल टर्मिनलों को इससे जोड़ने के लिए अनुमोदन दिया जा चुका है। इन टर्मिनलों के जरिये मार्च 11 में 2.62 लाख लेनदेन हो रहे थे जिनकी संख्या मार्च 12 में बढ़कर 10.19 लाख तक पहुँच गई।

सहयोगी और अनुषंगियाँ

आपके बैंक के अपने सहयोगियों और अनुषंगियों के माध्यम से वित्तीय सेवाओं के हरेक क्षेत्र में पद चिह्न देखे जा सकते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक के सभी सहयोगी और अनुषंगी लगातार तीव्र वृद्धि दर्शा रहे हैं। वर्ष के दौरान एसबीआई लाइफ की कुल प्रीमियम राशि ₹13,000 करोड़ के स्तर को पार कर गई और कंपनी ने वित्त वर्ष 12 में ₹556 करोड़ का लाभ दर्ज किया। इस प्रकार इसने वर्ष-दर-वर्ष 52% की जोरदार वृद्धि दिखाई और इसकी बाजार में हिस्सेदारी भी 19.9% पर पहुँच गई। एसबीआई लाइफ ने लगातार दूसरे वर्ष संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए एनडीटीवी प्रॉफिट बिजनेस लीडरशिप अवार्ड जीता। एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि. को डीलॉजिक द्वारा दुनिया भर में परियोजना वित्त ऋणों के मामले में नंबर 1 मैंडेटिड लीड अरेंजर घोषित किया गया। वित्त वर्ष 12 के दौरान इसने ₹251 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया। एसबीआई काड्र्स एंड पेमेंट्स सर्विसेज ने 434% वृद्धि दर्ज कर ₹38 करोड़ का कर पश्चात लाभ बताया है।

आपके बैंक ने वित्त वर्ष 12 में भी एशिया प्रशांत क्षेत्र में (इसमें जापान शामिल नहीं है किंतु आस्ट्रेलिया शामिल है) समूह ऋणों के मामले में मैंडेटिड लीड अरेंजर और बुक रनर में अपना अव्वल स्थान बरकरार रखा है। इसमें प्रसन्नता की बात यह है कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा और चुनौतियों के माहौल में, आपके बैंक ने कुल मिलाकर 4,758 मिलियन अमरीकी डालर राशि की विदेशी वाणिज्यिक उधारियों के लिए वित्तपोषण की जरूरतों और भारतीय कॉरपोरेटों की अभिग्रहण संबंधी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के वास्ते 14 बड़े मूल्यवाले सौदे सफलतापूर्वक संपन्न किए।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि सहयोगी बैंकों का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 11 के ₹7,569 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 12 में ₹8,214 करोड़ पर पहुँच गया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी सभी अनुषंगियां लाभ अर्जित कर रही हैं और इनके पास पर्याप्त पूंजी भी है।

सम्मान

यह हर्ष का विषय है कि हमारे सभी प्रयासों को व्यापक पहचान और प्रशंसा प्राप्त हुई। भारतीय स्टेट बैंक को द एशियन बैंकर द्वारा वर्ष 2012 के लिए ''भारत में सर्वोत्कृष्ट व्यापार वित्त बैंक'' का अवार्ड मिला।

"Bank's Associates and Subsidiaries continued to show robust growth. During the year, gross premium of SBI Life crossed the ₹13,000 crore mark."

- Your Bank is the market leader (market share around 25.55% as on March'11) in SHG-Bank Credit Linkage programme having credit linked so far 20.65 lakh SHGs and disbursed loans to the extent of ₹17,600 crores (cumulative) up to March'12.
- To support the growing demand from the retail segment and tap the huge potential available in the market, your Bank moved aggressively to create a comprehensive electronic payment infrastructure to activate our 108 million debit cards and has entered into Merchant Acquiring Business (MAB). It has, so far approved deployment of more than 28,000 POS terminals. The number of transactions from these terminals rose from 2.62 lakh in March'11 to 10.19 lakh in March'12.

Associates and Subsidiaries

Your Bank's footprints cover every facet of financial services through its Associates and Subsidiaries, and I am happy to point out that all of your Bank's Associates and Subsidiaries continued to show robust growth. During the year, gross premium of SBI Life crossed the ₹13,000-crore mark and the company recorded a profit of ₹556 crores in FY'12, clocking an impressive YoY growth of 52% with the market share of 19.9%. SBI Life received the NDTV Profit Business Leadership award for organisational excellence for the second consecutive year. SBI Capital Markets Ltd. ranked No. 1 Mandated Lead Arranger - Global Project Finance Loans by Dealogic and posted a PAT of ₹251 crores during FY'12. SBI cards and Payment Services reported after tax profit of ₹38 crores, up by a record 434%.

Your Bank has retained its leadership as Mandated Lead Arranger and Book Runner for syndicated loans in Asia Pacific (excluding Japan but including Australia) in FY'12 also. Remarkably, even in a competitive and challenging environment, your Bank successfully completed 14 high value transactions during the year for financing ECB requirements as well as acquisition related financing requirements of Indian corporates aggregating USD 4,758 million.

You will be glad to see that the Operating Profit of Associate Banks increased from ₹7,569 crores in FY'11 to ₹8,214 crores in FY'12. I am happy to announce that all of our subsidiaries are profitable and well capitalised.

Accolades

It is heartening that all our efforts have received wide attention and appreciation. SBI has been awarded the "Best Trade Finance Bank in India" Award for 2012 by The Asian Banker.

"बैंक ने कारपोरेट सामाजिक दायित्व के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड 2012 जीतकर कारपोरेट सामाजिक दायित्व संबंधी गतिविधियों में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की।"

वर्ष 2011-12 में बैंक द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व क्षेत्र में संचालित गतिविधियों ने नई ऊँचाइयाँ और गौरव प्राप्त किए। आपके बैंक ने वर्ष 2012 में कारपोरेट सामाजिक दायित्व के निर्वाह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड जीता, जो निदेशक संस्थान, नई दिल्ली द्वारा दुबई में दिया गया।

भविष्य की ओर एक दृष्टि

दुनिया भर की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव बना रहा, पर हमें उम्मीद है कि स्थिति बेहतर हो जाएगी। हालांकि यूरो क्षेत्र के देशों का ऋण संकट लगातार वित्त जगत में छाया रहेगा, किंतु हमें आशा है कि विश्व के राजनेता और नियामक इस संकट का कोई न कोई हल ढूँढ़ निकालेंगे। फिर भी, हमारा सतर्क रहना जरूरी है। आज सारे संसार के तार आपस में जुड़े हुए हैं, वैश्विक उथल-पुथल के झटके भारतीय अर्थव्यवस्था में भी अनुभव किए जा सकते हैं। चालू खाता और वित्तीय दोनों प्रकार के घाटे और साथ में विकास की नीची और मुद्रास्फीति की ऊँची दर आने वाले साल में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौतियाँ हैं।

भारत का बैंकिंग परिदृश्य उत्साहवर्धक और आशावादी है। आपके बैंक को ऋणों में 16% और जमाराशियों में 20% वृद्धि होने की उम्मीद है। आगामी वर्षों में, आपका बैंक खुदरा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देगा। हमारी उपलब्धियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि हम प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। कुल मिलाकर, आपका बैंक नए अवसरों और चुनौतियों के प्रति सतर्क है क्योंकि वर्तमान आर्थिक परिवेश में पहले से कहीं अधिक सूझबूझ की जरूरत है।

अगले कुछ वर्षों में भारत और विश्व का आर्थिक परिदृश्य चुनौतिपूर्ण बना रह सकता है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि इस परिवेश में नए अवसरों के प्रति सतर्क रहकर आपका बैंक जरूरी सूझबूझ के साथ प्रयासरत रहेगा।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ,
आपका अपना,

प्र. चौधरी

(प्रतीप चौधरी)

"The Bank scaled new heights in CSR activities by winning the prestigious Golden Peacock Award for Corporate Social Responsibility 2012."

The year 2011-12 saw the CSR activities of the Bank scaling new heights of achievement and glory with your Bank winning the prestigious Golden Peacock Award for Corporate Social Responsibility 2012, awarded in Dubai by the Institute of Directors, New Delhi.

Looking Ahead

The global economy remains fragile, but we hope the situation will improve. Though the Euro zone sovereign debt crisis continues to dominate the financial landscape, we are optimistic the global political leaders and regulators will be able to stem the downslide. However, we need to be alert as in today's integrated world, global shocks can get transmitted to the Indian economy. Twin deficits (current account deficit and fiscal deficit) along with low growth and high inflation are the major challenges for Indian economy in the year ahead.

The Indian banking scenario is encouraging and positive. Your Bank is expecting a loan growth of 16% and a deposit growth of 20%. In the coming years, your Bank's main thrust will be on retail, and, as shown by our achievements, we are well positioned to meet the competition. Overall, your Bank will remain vigilant to the new opportunities and challenges as the current economic environment warrants greater prudence.

As we go forward, the Indian and global economic environment could remain challenging for the next few years. Let me assure you that while remaining vigilant to the new opportunities in this milieu, your Bank will act with the necessary prudence as required.

With warm regards,
Yours sincerely,



(PRATIP CHAUDHURI)

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

धीमी हो रही संवृद्धि के बावजूद, भारत और चीन द्वारा अब भी वैश्विक सुधार के लिए संबल प्रदान किए जाने की संभावना है।

आर्थिक पृष्ठभूमि एवं बैंकिंग परिवेश

वैश्विक अर्थव्यवस्था की बहु-गति विकास दर जारी है और विकसित अर्थव्यस्थाओं में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण, निजी क्षेत्र में उत्साहहीनता एवं यूरो क्षेत्र के संकट के कारण विकास की गति प्रभावित हुई है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में संवृद्धि दर्ज हुई है पर इसकी गति अपेक्षाकृत धीमी रही है। अमरीका में कुल मिलाकर आर्थिक परिवेश में सुधार हो रहा है, यूरोप में हल्की मंदी की स्थितियाँ बनती दिख रही हैं परन्तु दूसरी ओर विकास की धीमी गति के बावजूद भारत एवं चीन की अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी यह उम्मीद है कि वे इस गिरती वैश्विक विकास दर को कुछ संबल प्रदान कर पाएंगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था का जहाँ तक संबंध है, वित्त वर्ष 12 में जीडीपी की संवृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 11 में यह दर 8.4% रही थी। इन सबके बावजूद, भारत विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। साथ ही भारत अभी भी निवेश के लिए एक पसंदीदा देश बना हुआ है जो इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि यहाँ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश वित्त वर्ष 12 में बढ़कर 46.85 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पहुँच गया जबकि वित्त वर्ष 11 में यह 34.85 बिलियन अमरीकी डालर था। विशेष रूप से दिसंबर 2011 में एनआरआई जमाओं पर ब्याज की दरों को अविनियमित करने के बाद एनआरआई जमाराशियाँ वित्त वर्ष 12 में पर्याप्त रूप से बढ़कर 11.0 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। वित्त वर्ष 11 में ये केवल 3.24 बिलियन डॉलर ही थीं। विदेश में कार्यरत भारतीयों द्वारा धन प्रेषण की स्थिति भी तगड़ी रही तथा वर्ष 11 में इनके द्वारा 63.7 बिलियन अमरीकी डॉलर का धन प्रेषण देश में किया गया जो विकासशील देशों में सर्वाधिक था।

वित्त वर्ष 12 के दौरान कृषि एवं सेवाओं के क्षेत्र में निष्पादन अच्छा बना रहा परन्तु औद्योगिक उत्पादन की गति में विशेष रूप से निर्माण के क्षेत्र में शिथिलता साफ दिखाई दी। घरेलू एवं वैश्विक कारणों से निवेश प्रभावित हुआ जिसका प्रतिकूल प्रभाव निर्माण गतिविधियों पर पड़ा और समग्र औद्योगिक संवृद्धि दर वित्त वर्ष 11 के 6.8% से घटकर वित्त वर्ष 12 में 2.6% रह गयी। अच्छे मानसून के कारण खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई हालांकि विगत उच्च दर के कारण कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में जीडीपी संवृद्धि दर वित्त वर्ष 11 के 7.0% की तुलना में वित्त वर्ष 12 में गिरकर 2.8% रह गई। पर सेवा क्षेत्र में पर्याप्त स्थिरता बनी रही जो कि वित्त वर्ष 11 के 9.2% की तुलना में वित्त वर्ष 12 में 8.5% की गति से बढ़ा।

विदेश व्यापार के क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में धीमेपन के बाद भी निर्यातों में 21% की वृद्धि हुई। यद्यपि आयातों में 32% की उच्च वृद्धि के कारण व्यापार अंतर 185 बिलियन डॉलर तक बढ़ गया जिसकी प्रमुख वजह स्वर्ण एवं तेल के आयातों में वृद्धि रही। विदेशी वाणिज्यिक ऋणों एवं अल्पावधि ऋणों में वृद्धि के कारण विदेशी ऋणों में वृद्धि हुई है। एनआरआई जमाओं में वृद्धि भी भारत के विदेशी ऋणों में वृद्धि का एक कारण रही है।

मुद्रास्फीति की दर भी चिंता का विषय रही है जो वित्त वर्ष 11 के 9.6% की तुलना में वित्त वर्ष 12 में कुछ कम होकर 8.8% पर आ गई है । इस कारण भारतीय रिज़र्व बैंक को कुछ कड़े मौद्रिक उपाय करने पड़े। मई एवं अक्तूबर 2011 के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक ने पाँच बार रेपो रेट बढ़ाई जो 7.25% से बढ़कर 8.50% कर दी गई है। नकदी की स्थिति घाटे की बनी रही है तथा बैंकों को नकदी समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत ऋण लेते देखा गया है। नकदी पर दबाव कम करने और पर्याप्त ऋण उपलब्धता बनाए रखने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सीमांत स्थायी ऋण सुविधा प्रारंभ की है तथा सीआरआर को 50 बीपीएस एवं 75 बीपीएस की दो किस्तों में 125 बीपीएस तक कम किया है जो वर्ष के दौरान 6.0% से घटकर 4.75% रह गई है।

बैंकिंग घटनाएं

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कड़े मौद्रिक उपायों के कारण बैंकों की व्यवसाय वृद्धि प्रभावित हुई है जो उनकी जमा एवं ऋण वृद्धि में हुई कमी के माध्यम से परिलक्षित होती है। जहाँ एक ओर सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एएससीबी) की जमा संवृद्धि दर ब्याज की दरों में वृद्धि के बावजूद भी वित्त वर्ष 11 के 15.9% से घटकर वित्त वर्ष 12 में 13.4% पर आ गई है। सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में ऋण वृद्धि की दर वित्त वर्ष 11 के 21.5% से कम होकर वित्त वर्ष 12 में 17.0% रह गई है जो अर्थव्यवस्था में विकास की कम गति की द्योतक है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 12 के दौरान पाँच बार रेपो रेट बढ़ाई है जो 7.25% से बढ़कर 8.50% पर आ गई है। मौद्रिक प्रसार की परिणति के रूप में बैंकों की जमाराशियों के साथ साथ ऋणों पर ब्याज की दरें भी बढ़ गई हैं। एक वर्ष से अधिक परिपक्वता अवधि वाली सभी जमाओं पर प्रमुख बैंकों ने ब्याज की दरें वित्त वर्ष 11 के 7.75-9.50% से बढ़ाकर वित्त वर्ष 12 में 8.50-9.25% के बीच रखी है। इसके अलावा, सभी प्रमुख बैंकों ने अपनी आधार दरों को भी इसी अवधि में 8.25-9.50% से बढ़ाकर 10.00-10.75% तक के स्तर पर रखा है। वृद्धि दर में आने वाली गिरावट के कारण कारपोरेट लाभप्रदता पर प्रभाव पड़ा है तथा एनपीए की पहचान के लिए प्रणाली प्रचालित व्यवस्था अपनाए जाने के कारण वर्ष के दौरान बैंक की अनर्जक आस्तियों में वृद्धि हुई है।

अवसर एवं चुनौतियाँ

सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास में अपना निवेश बढ़ा रही है, वित्तीय समावेशन में विस्तार कर रही है तथा विनिर्माण एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दे रही है जिससे अंतत: विभिन्न क्षेत्रों में विकास के

DIRECTORS' REPORT

Management Discussion and Analysis

Despite slowing growth, India and China still likely to provide support for global recovery

ECONOMIC BACKDROP AND BANKING ENVIRONMENT

The global economy continued to be characterised by multi-speed growth as fiscal consolidation, private sector deleveraging and the Euro zone crisis affected growth in advanced economies. Emerging market economies are growing but at a slower pace than expected earlier. Overall, conditions in the US are improving, Europe is sliding into a mild recession, but despite slowing growth, India and China are still likely to provide some support for global recovery.

For the Indian economy, GDP growth in FY'12 is estimated at 6.5% against 8.4% in FY'11. Notwithstanding this, India remained one of the fastest growing economies in the world. India also remained a favoured destination for investment which is reflected in increase in FDI to US$ 46.85 billion in FY'12 against US$ 34.85 billion in FY'11. NRI deposits grew substantially to US$ 11.0 billion in FY'12 from US$ 3.24 billion in FY'11, particularly after deregulation of interest rates on NRI deposits in December 2011. Remittances from Indians working abroad remained robust at US$ 63.7 billion in 2011, the highest among developing countries.

During FY'12, agriculture and services continued to perform well but industrial production particularly in manufacturing slowed perceptibly. Investment was impacted by domestic and global factors, which affected manufacturing activity and overall industrial growth decelerated to 2.6% in FY'12 from 6.8% in FY'11. Good monsoons led to increase in food grains production though the deceleration in agriculture and allied sector GDP growth to 2.8% in FY'12 from 7.0% in FY'11 was due to high base effect. Services sector however, remained fairly stable and grew by 8.5% in FY'12 against 9.2% in FY'11.

On the external front, exports grew by 21% despite slowdown in global trade. However, the trade gap widened to $185 billion due to higher import growth at 32% led by sharp increase in gold and oil imports. Rise in external debt was driven by increase in external commercial borrowings, export credit and short-term debt. Increased flows of NRI deposits also have implications for India's external debt.

Inflation remained a concern with average inflation at 9.6% in FY'11 moderating only slightly to 8.8% in FY'12, prompting RBI to follow a tight monetary policy. Between May and October 2011, RBI increased the Repo rate five times from 7.25% to 8.50%. The liquidity situation remained in deficit mode and banks were seen borrowing under the Liquidity Adjustment Facility (LAF). To ease pressure on liquidity and ensure adequate credit availability, RBI introduced the Marginal Standing Facility (MSF) and cut CRR by 125 bps in two tranches of 50 bps and 75 bps from 6.0% to 4.75% during the year.

Banking Developments

The moderation in GDP growth following monetary tightening by RBI affected business growth of banks, which is reflected in slowdown in their deposit and credit growth. While deposit growth of All Scheduled Commercial Banks (ASCB) decelerated to 13.4% in FY'12 from 15.9% FY'11 despite increase in interest rates, growth in ASCB credit was lower at 17.0% in FY'12 than 21.5% in FY'11 reflecting slower growth in the economy. To control inflation, RBI raised the repo rate five times during FY'12 from 7.25% to 8.50%. Reflecting monetary transmission, interest rates on bank deposits and credit also rose. Deposit rate of major banks for more than one year maturity rose from 7.75-9.50% in FY'11 to 8.50-9.25% in FY'12, and base rate of major banks rose from 8.25-9.50% to 10.0-10.75% in the same period. Due to deceleration in growth impinging on corporate profitability and move to system-driven identification of NPAs, non-performing assets of banks rose during the year.

Opportunities and Threats

The Government is increasing investment in agriculture and rural development, expanding financial inclusion and pushing for investment in manufacturing and infrastructure, which will translate into growth

अवसर बढ़ने वाले हैं जैसे इस्पात, सीमेंट, एल्यूमिनियम आदि। विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्त वर्ष 13 के दौरान दरों में कमी लाने की संभावनाएं हैं, यद्यपि दरों में कमी की सीमा मुद्रास्फीति के रूझान पर निर्भर करेगी। इन सब उपायों के कारण बैंकों को विभिन्न क्षेत्रों में अपने निधि एवं निधीतर व्यवसाय को बढ़ाने के अवसर मिलेंगे।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रमुख नीतिगत दर में कमी किए जाने के कारण बैंकों को भी उसी परिमाण में अपनी ब्याज दरों में कमी लानी होगी। पिछले वर्ष उच्च लागत पर निधियाँ जुटाए जाने और बड़ी अनर्जक आस्तियों एवं पुनर्संरचित आस्तियों के कारण बैंकों के लिए रेपो दर में आई कमी के सम्पूर्ण प्रभाव को ग्राहकों की ओर बढ़ाना कठिन होगा। वित्तीय आस्तियों में बचत की घटती प्रवृत्ति के कारण जमाओं की वृद्धि दर में आई कमी के चलते बैंकों के निवल ब्याज मार्जिन पर काफी दबाव रहेगा क्योंकि घरेलू लोग आजकल स्वर्ण एवं रियल इस्टेट में निवेश करना अधिक पसंद कर रहे हैं।

भावी परिदृश्य

वित्त वर्ष 13 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का निष्पादन वित्त वर्ष 12 की तुलना में बेहतर होने की संभावना है। हमारा यह विश्वास है कि वित्त वर्ष 12 की चौथी तिमाही में जीडीपी अपने न्यूनतम स्तर 5.3% को देख चुकी है तथा इसके अब गति पकड़ने की संभावना हैं। हमारा यह भी मानना है कि आर्थिक परिवेश में परिवर्तन को औद्योगिक विकास की गति प्रचालित करेगी विशेष रूप से विनिर्माण के क्षेत्र में जहाँ सरकार अपनी विनिर्माण नीति के अंतर्गत इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश को बढ़ा रही है तथा विकास को गति देने के लिए कुछ बड़ी परियोजनाओं को कार्यान्वित करने का प्रयास कर रही है जिससे देश में निवेश के परिवेश में सुधार आएगा और जमीनी स्तर पर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। देश में लगातार दूसरे वर्ष खाद्यान्नों का रेकार्ड उत्पादन हुआ है तथा वित्त वर्ष 12 में इसके 250.40 मिलियन टन के स्तर को छूने की संभावना है जिस कारण खाद्य पदार्थों पर मुद्रास्फीति का प्रभाव कुछ कम रह सकता है। तदनुसार, हमने 2012-13 के दौरान कुछ उच्चतर जीडीपी विकास दर का अनुमान लगाया है। हमारा यह मत है कि इस विकास को गति देने की प्रक्रिया में बैंकों की जमाराशियों एवं ऋणों की मात्रा में वृद्धि होगी।

जोखिम एवं चिन्ताएं

आर्थिक परिवेश को सबसे बड़ा खतरा वैश्विक अर्थव्यवस्था की मंथर गति से है क्योंकि यूरो क्षेत्र में ऋण संकट जारी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेल एवं कमॉडिटी की बढ़ती कीमतों से विकास की गति नरम पड़ सकती है। विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विकसित देशों के केन्द्रीय बैंकों द्वारा बड़ी मात्रा में नकदी झोंकने और बैंकों के कम उपयोग को रोकने के कारण भारत को पूँजी प्रवाहों की अस्थिर गति एवं आस्तियों के निरंकुश ढंग से बढ़ते स्तर के प्रति सचेत रहना होगा। विकसित अर्थव्यवस्थाओं द्वारा जोखिम को कम करने एवं बैंकों के नियंत्रण को घटाने के उपायों के लौटने से यह स्थिति और कठिन हो सकती है।

24.62%

परिचालन लाभ में संवृद्धि

मानसून, खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति एवं ईंधन के मूल्यों के कारण प्रच्छन्न मुद्रास्फीति, चालू खाते में बढ़ते घाटे और बढ़ते राजकोषीय गिरावट जैसे प्रमुख जोखिमों के कारण राजकोषीय घाटे की स्थिति बन रही है। वित्त वर्ष 13 में राजकोषीय घाटा 5.1% तक रहने का अनुमान है परन्तु कर संग्रहण एवं विनिवेश आगम में कमी की वजह से राजस्व में कमी के साथ साथ खर्चों में बढ़ोतरी के चलते सरकार की निवल बाजार उधार राशियाँ ₹4.79 लाख करोड़ के लक्ष्य से ऊपर जा सकती हैं। बढ़ती तेल की कीमतें एवं वैश्विक मांग में कमी के कारण घटते निर्यातों के चलते वित्त वर्ष 13 में चालू खाता घाटे के और बढ़ने की आशंका है।

संवृद्धि की धीमी रफ्तार के चलते आपूर्ति की बाधाओं के रहते मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। नकदी की कमी चिंताजनक बनी रहेगी तथा बैंकों को इस स्थिति में नकदी के दबाव का सामना करने के लिए अपने पुनर्वित्त के संसाधनों के अलावा भी बड़ी मात्रा में संसाधन जुटाने पड़ सकते हैं। समग्र रूप से यदि देखा जाए तो हमारे बड़े घरेलू बाजार के बड़े आकार, उच्च घरेलू बचत दर और निवेश की व्यापक संभावनाओं, जो कि हमारी ताकतें हैं, के बाद भी भारत की विकास दर अपेक्षाओं से कम रहने की संभावना बनी हुई है।

वित्तीय निष्पादन

लाभ

वर्ष 2011-12 के लिए बैंक का परिचालन लाभ ₹31,573.54 करोड़ रहा जबकि वर्ष 2010-11 में यह ₹25,335.57 करोड़ था। इस प्रकार इसमें 24.62% की वृद्धि दर्ज हुई। वर्ष 2011-12 के लिए बैंक को ₹11,707.29 करोड़ का निवल लाभ हुआ जबकि वर्ष 2010-11 में यह ₹8,264.52 करोड़ रहा था। इस प्रकार इसमें 41.66% की वृद्धि दर्ज हुई।

यद्यपि निवल ब्याज आय में 33.10% की वृद्धि हुई, परंतु अन्य आय में 9.31% की गिरावट आई। परिचालन व्ययों में 13.27% की वृद्धि दर्ज की गई। परिचालन व्ययों में यह वृद्धि उच्चतर स्टाफ लागत और अन्य खर्चों के कारण हुई।

लाभांश

बैंक ने ₹35.00 प्रति शेयर की दर से (350%) लाभांश घोषित किया जबकि पिछले वर्ष यह ₹30.00 प्रति शेयर (300%) था।

opportunities for several sectors such as steel, cement, aluminium, etc. To boost growth, RBI is likely to cut rates further during FY'13, though the extent of rate cuts will be contingent on the inflation trajectory. All this will provide an opportunity for banks to increase fund and non-fund business in a wide range of areas.

Banks will be required to cut interest on credit in tandem with cut in key policy rate by RBI. However, due to high cost funds mobilised over the last year and large NPAs and restructured assets, banks may find it difficult to pass on the entire reduction in repo rate to customers. Net Interest Margin (NIM) of banks could come under pressure as it may be difficult for banks to cut interest rates on deposits due to sluggish deposit growth reflecting the declining trend in savings in financial assets as households favour physical assets like gold and real estate.

Outlook

In FY'13, the Indian economy is expected to perform better than in FY'12. We believe GDP growth bottomed out in Q4 FY'12 at 5.3%, and economic growth is now gaining traction. The change in the economic environment will be led by industrial growth, particularly in the manufacturing sector, as we believe the Government's New Manufacturing Policy, increased spending in the infrastructure space and efforts to push through some large projects to kick start growth will help improve the investment climate and attract FDI on the ground. The country has seen record food grains harvest for the second successive year and food grains output is likely to touch 250.40 million tonnes in FY'12, which will have a moderating impact on food inflation. Accordingly, we have pencilled in slightly higher GDP growth in 2012-13. To support this growth, in our view, banking sector deposits and credit are poised to grow in tandem.

Risks and Concerns

The main risks to the outlook are slowing global growth as the Euro zone sovereign debt crisis continues. High international oil and commodity prices could also dampen growth. As a result of the vast pools of liquidity injected by central banks of advanced countries to stimulate growth and prevent bank deleveraging, India will need to guard against volatile capital flows and build-up of asset bubbles. The situation could be exacerbated by the return of risk aversion and deleveraging by banks in developed economies.

24.62%

Growth in Operating Profit

Monsoons, inflation including food inflation and suppressed inflation on account of fuel prices, widening current account deficit, and fiscal slippage leading to higher fiscal deficit are major risk factors. The fiscal deficit is estimated to be 5.1% in FY'13 but slower revenue generation through tax collections as well as disinvestment proceeds, and rise in expenditure can lead to higher net market borrowings by the Government than the targeted ₹4.79 lakh crore. Rising oil prices, as also slowing export growth due to weakness in global demand could lead to widening of the current account deficit in FY'13.

Inflation could rise on the back of supply constraints from a slowdown in growth. Liquidity is likely to remain a concern and banks may need to strive for higher resources mobilisation besides tapping all sources of refinance, to avoid liquidity pressure. Overall, the biggest concern is that despite strengths such as a large domestic market, high domestic savings rate and vast scope for investment, India's growth remains below its potential.

FINANCIAL PERFORMANCE

Profit

The Operating Profit of the Bank for 2011-12 stood at ₹31,573.54 crores as compared to ₹25,335.57 crores in 2010-11 registering a growth of 24.62%. The Bank has posted a Net Profit of ₹11,707.29 crores for 2011-12 as compared to ₹8,264.52 crores in 2010-11 registering a growth of 41.66%.

While Net Interest Income recorded a growth of 33.10%, the Other Income declined by 9.31%, Operating Expenses increased by 13.27% attributable to higher staff cost and other expenses.

Dividend

The Bank has declared dividend @ ₹35.00 per share (350%) as against @ ₹30.00 per share (300%) in the previous year.

निवल ब्याज आय

बैंक की निवल ब्याज आय में 33.10% की वृद्धि हुई और वर्ष 2011-12 में यह बढ़कर ₹43,291.08 करोड़ पर पहुँच गई जबकि वर्ष 2010-11 में यह ₹32,526.41 करोड़ रही थी।

वर्ष के दौरान वैश्विक परिचालनों से सकल ब्याज आय ₹81,394.36 करोड़ से बढ़कर ₹1,06,521.45 करोड़ हो गई और इस प्रकार इसमें 30.87% की वृद्धि दर्ज हुई।

अग्रिमों की राशि अधिक रहने से भारत में अग्रिमों पर ब्याज आय वर्ष 2011-12 में बढ़कर ₹77,309.15 करोड़ हो गई, जबकि वर्ष 2010-11 में यह ₹56,960.97 करोड़ थी। भारत में अग्रिमों पर औसत आय वर्ष 2010-11 के 9.56% से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 11.05% हुई। विदेश स्थित कार्यालयों के आग्रिमों पर ब्याज आय में भी 24.99% वृद्धि हुई।

भारत में कोषीय परिचालनों में निविष्ट संसाधनों से आय में 22.05% की वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण निविष्ट औसत संसाधनों की मात्रा और औसत आय में वृद्धि होना था। यह औसत आय, जो वर्ष 2010-11 में 7.02% थी, वर्ष 2011-12 में बढ़कर 7.51% पर पहुँच गई।

वैश्विक परिचालनों का कुल ब्याज व्यय वर्ष 2010-11 में ₹48,867.96 करोड़ था, जो वर्ष 2011-12 में बढ़कर ₹ 63,230.37 करोड़ पर पहुँच गया। भारत में जमाराशियों पर ब्याज व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2011-12 में 29.19% की वृद्धि हुई, जबकि भारत में जमाराशियों के औसत स्तर में 14.31% की वृद्धि हुई थी। जमाराशियों की औसत लागत वर्ष 2010-11 के स्तर 5.26% से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 5.95% हो गई।

गैर-ब्याज आय

वर्ष 2011-12 में गैर-ब्याज आय की राशि ₹14,351.45 करोड़ रही, जबकि वर्ष 2010-11 में यह ₹15,824.59 करोड़ थी। इस प्रकार इसमें 9.31% की गिरावट दर्ज की गई।

वर्ष के दौरान, बैंक ने भारत और विदेश में स्थित अपने सहयोगी बैंकों/ अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों से लाभांश के रूप में ₹767.35 करोड़ (पिछले वर्ष ₹827.73 करोड़) प्राप्त किए।

परिचालन व्यय

उच्चतर पेंशन प्रावधान करने और स्टाफ संख्या में वृद्धि होने के कारण स्टाफ लागत में 11.59% की वृद्धि हुई और वर्ष 2011-12 में इसकी राशि ₹16,974.04 करोड़ रही जबकि वर्ष 2010-11 में यह ₹15,211.62 करोड़ रही थी। अन्य परिचालन व्ययों में भी 16.54% की वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण भाड़े, करों और बिजली, डाक खर्च, तार व टेलीफोन, बीमा तथा विविध व्ययों में वृद्धि होना था।

33.10%
निवल ब्याज आय

परिचालन व्यय, जिसमें स्टाफ लागत और अन्य परिचालन व्यय शामिल है, में पिछले वर्ष की तुलना में 13.27% की वृद्धि हुई।

प्रावधान और आकस्मिकताएँ

वर्ष 2011-12 में किए गए प्रावधानों की मुख्य राशियाँ निम्नानुसार रहीः

- विनिधानों पर मूल्यह्रास के संबंध में ₹663.70 करोड़ का प्रावधान किया गया (जबकि वर्ष 2010-11 में विनिधानों पर मूल्यह्रास से संबंधित प्रतिलेखन की राशि ₹646.75 करोड़ रही थी)। इसमें 'परिपक्वता तक रखे गए' श्रेणी पर प्रीमियम के परिशोधन को शामिल नहीं किया गया।
- ₹455.93 करोड़ के आस्थगित कर रिवर्सल को छोड़कर, कर प्रावधान के लिए ₹6,320.09 करोड़ (वर्ष 2010-11 में ₹5,712.89 करोड़ के आस्थगित कर रिवर्सल को छोड़कर ₹976.82 करोड़ था)।
- ₹11,545.85 करोड़ (राइट बैक को छोड़कर) अनर्जक आस्तियों के लिए (वर्ष 2010-11 में ₹8,792.09 करोड़ था)।
- मानक आस्तियों के लिए ₹978.81 करोड़ (वर्ष 2010-11 में ₹976.60 करोड़)। वर्तमान वर्ष के प्रावधान सहित मानक आस्तियों पर किए गए कुल प्रावधान की राशि ₹4,296.03 करोड़ थी।

आरक्षित निधियाँ एवं अधिशेष

- ₹3,516.98 करोड़ (वर्ष 2010-11 में ₹2,479.36 करोड़) की राशि सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरित की गई।
- ₹14.38 करोड़ (वर्ष 2010-11 में ₹9.61 करोड़) की राशि पूंजी आरक्षित निधि में अंतरित की गई।
- ₹5,536.50 करोड़ (वर्ष 2010-11 में ₹2,729.86 करोड़) की राशि अन्य आरक्षित निधियों में अंतरित की गई।

Net Interest Income

33.10%
Net Interest Income

The Net Interest Income of the Bank registered a growth of 33.10% from ₹32,526.41 crores in 2010-11 to ₹43,291.08 crores in 2011-12. This was due to higher growth in the advances and investment portfolios.

The gross interest income from global operations correspondingly rose from ₹81,394.36 crores to ₹1,06,521.45 crores during the year registering a growth of 30.87%.

Interest income on advances in India registered an increase from ₹56,960.97 crores in 2010-11 to ₹77,309.15 crores in 2011-12 due to higher volumes. The average yield on advances in India increased from 9.56% in 2010-11 to 11.05% in 2011-12. Interest income on advances at foreign offices has also grown by 24.99%.

Income from resources deployed in treasury operations in India increased by 22.05% mainly due to higher average resources deployed and increase in average yield. The average yield, which was 7.02% in 2010-11, has increased to 7.51% in 2011-12.

Total interest expenses of global operations increased from ₹48,867.96 crores in 2010-11 to ₹63,230.37 crores in 2011-12. Interest expenses on deposits in India during 2011-12 recorded an increase of 29.19% compared to the previous year, whereas the average level of deposits in India grew by 14.31%. The average cost of deposits has consequently increased from 5.26% in 2010-11 to 5.95% in 2011-12.

Non-Interest Income

Non-interest income stood at ₹14,351.45 crores in 2011-12 as against ₹15,824.59 crores in 2010-11 registering a decline of 9.31%.

During the year, the Bank received an income of ₹767.35 crores (₹827.73 crores in the previous year) by way of dividends from Associate Banks/ subsidiaries and joint ventures in India and abroad.

Operating Expenses

There was an increase of 11.59% in the Staff Cost from ₹15,211.62 crores in 2010-11 to ₹16,974.04 crores in 2011-12. Other Operating Expenses have also registered an increase of 16.54% mainly due to increase in expenses on rent, taxes and lighting, postage, telegrams & telephones, insurance and miscellaneous expenditure.

Operating Expenses, comprising both staff cost and other operating expenses, have registered an increase of 13.27% over the previous year.

Provisions and Contingencies

Major amounts of provisions made in 2011-12 were as under:

- ₹663.70 crores towards provision for depreciation on investments, **excluding** amortization of premium on 'Held to Maturity' category (as against ₹646.75 crores towards depreciation on investments in 2010-11).
- ₹6,320.09 crores towards Provision for Tax, excluding deferred tax reversal of ₹455.93 crores (as against ₹5,712.89 crores in 2010-11 excluding deferred tax reversal of ₹976.82 crores).
- ₹11,545.85 crores (net of write-back) for non-performing assets (as against ₹8,792.09 crores in 2010-11).
- ₹978.81 crores towards Standard Assets (as against ₹976.60 crores in 2010-11). Including the current year's provision, the total provision held on Standard Assets amounts to ₹4,296.03 crores.

Reserves and Surplus

- An amount of ₹3,516.98 crores (as against ₹2,479.36 crores in 2010-11) was transferred to Statutory Reserves.
- An amount of ₹14.38 crores (as against ₹9.61 crores in 2010-11) was transferred to Capital Reserve Fund.
- An amount of ₹5,536.50 crores (as against ₹2,729.86 crores in 2010-11) was transferred to Other Reserve Funds.

तालिका : प्रमुख निष्पादन संकेतक

संकेतक	एसबीआई		एसबीआई समूह	
	2010-11	2011-12	2010-11	2011-12
औसत आस्तियों पर आय (%)	0.71	0.88	0.70	0.89
ईक्विटी पर आय (%)	12.84	14.36	12.92	14.84
आय की तुलना में (%) (कुल निवल आय की तुलना में परिचालन व्यय)	47.60	45.23	58.32	53.42
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	1013.82	1214.78	1302.70	1540.64
मूल अर्जन प्रति शेयर (₹)	130.16	184.31	168.28	241.55
प्रति शेयर न्यूनीकृत अर्जन (₹)	130.16	184.31	168.28	241.55
पूँजी पर्याप्तता अनुपात (%) (बेसल-I)	10.69	12.05	11.02	11.84
श्रेणी-I	6.93	8.50	7.20	8.30
श्रेणी-II	3.76	3.55	3.82	3.54
पूँजी पर्याप्तता अनुपात (%) (बेसल-II)	11.98	13.86	12.26	13.68
श्रेणी-I	7.77	9.79	8.02	9.65
श्रेणी-II	4.21	4.07	4.24	4.03
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियाँ (%)	1.63	1.82	1.56	1.81

आस्तियाँ

बैंक की कुल आस्तियों में 9.13% की वृद्धि हुई और ये मार्च 2012 के अंत तक बढ़कर ₹13,35,519.23 करोड़ हो गईं, जबकि मार्च 2011 के अंत में ये ₹12,23,736.20 करोड़ थीं। इसी अवधि के दौरान, संविभाग में 14.65% की वृद्धि हुई और इनकी राशि ₹7,56,719.45 करोड़ से बढ़कर ₹8,67,578.89 करोड़ हो गईं। मार्च 2012 के अंत में विनिधानों में 5.61% की वृद्धि हुई और इनकी राशि बढ़कर ₹3,12,197.61 करोड़ पर पहुँच गई जबकि पहले यह ₹2,95,600.57 करोड़ रही थी। अधिकांश विनिधान घरेलू बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों और सहयोगियों व अनुषंगियों में किया गया।

देयताएँ

बैंक की कुल देयताएँ (पूंजी एवं आरक्षितियों को छोड़कर) 8.01% की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2012 को ₹12,51,568.03 करोड़ हो गईं जबकि 31 मार्च 2011 को ये ₹11,58,750.16 करोड़ थीं। देयताओं में यह वृद्धि मुख्यतया जमाराशियों और उधारराशियों में वृद्धि होने के कारण हुई। 31 मार्च 2012 को वैश्विक जमाराशियों में 31 मार्च 2011 की तुलना में 11.75% की वृद्धि हुई और 31 मार्च 2012 को ये ₹10,43,647.36 करोड़ पर पहुँच गई जबकि 31 मार्च 2011 को ये ₹9,33,932.81 करोड़ रही थी।

मुख्य परिचालन

1. व्यवसाय समूह

क. वैश्विक बाजार परिचालन

कारपोरेट केन्द्र में स्थित वैश्विक बाजार विभाग बैंक की चलनिधि का कार्य देखता है और ग्राहकों को विदेशी मुद्रा सेवाएँ उपलब्ध कराता है। इसके अलावा, यह भारतीय रिज़र्व बैंक की रिज़र्व संबंधी अपेक्षाओं की पूर्ति के कार्य की देखरेख भी करता है। डेरीवेटिव्ज, स्वर्ण वायदा और संविभाग प्रबंधन सेवाएं जैसे उत्पाद उपलब्ध कराता है और बैंक की प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो भी देखता है।

चलनिधि प्रबंधन कार्य और ऋण संविभाग का निष्पादन ब्याज दर उतार-चढ़ाव और अर्थव्यवस्था में चलनिधि की स्थिति पर निर्भर करता है। वित्त वर्ष 2012 में मुद्रास्फीति एवं नकदी के संकट के कारण ब्याज की दरें अस्थिर रही हैं। वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकिंग व्यवस्था में तरलता का संकट और गहराता नज़र आया। इस परिवेश के अंदर ग्लोबल बाजार चलनिधि का सक्रिय रूप से प्रबंध करता रहा और निवेशों पर प्रतिफल प्राप्त होने के प्रति आशान्वित रहा।

ईक्विटी बाजार वर्ष के अधिकांश भाग में लगातार गिरते रहे। इस कारण हमें प्रॉपराइटरी ट्रेडिंग के लिए ईक्विटियों में अपने निवेश को कम करने और इस संविभाग को फिर से संतुलित बनाने का रणनीतिक निर्णय लेना पड़ा। हम निरंतर कई मोर्चों पर काम कर रहे हैं और अच्छे निवेश अवसरों की तलाश में है जिससे अनिश्चितता के माहौल में कम से कम जोखिम उठाते हुए लाभ बढ़ाए जा सके।

देश का सबसे बड़ा बैंक होने के नाते और बाजार में प्रमुख सक्रिय बैंक की भूमिका को ध्यान में रखकर बैंक का प्रयास रहता है कि कारपोरेटों सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में बड़ी संस्थाओं से लेकर लघु और मध्यम उद्यमों को सबसे वाजिब दरें प्रस्तावित की जाएँ। इसके अतिरिक्त, फॉरेक्स ट्रेजरी अंतर बैंक बाजार में नकदी की स्थिति को आसान करता है।

इनके अलावा, बैंक कारपोरेटों को भारतीय रुपये में और विदेशी मुद्रा में डेरीवेटिव्ज भी उपलब्ध कराता है जिससे नियामक शर्तों के भीतर उनके ब्याज दर और करेंसी जोखिमों का बाजार में बचाव किया जा सके।

ट्रेजरी मार्केटिंग ग्रुप बैंक द्वारा प्रस्तावित किए जा रहे विभिन्न ट्रेजरी उत्पादों को अपने ग्राहकों को विपणन करता है जिससे उनके निवेशों के विनिमय दर जोखिम/ब्याज दर जोखिम को कम किया जा सके। विशेष रूप से ट्रेजरी मार्केटिंग में लगे हुए अधिकारी लगातार ग्राहकों के संपर्क में रहते हैं और बैंक की सलाहकारी सेवाओं के अंतर्गत बाजारों के बारे में उन्हें विभिन्न प्रकार की जानकारी देते हैं। बैंक के **विदेशी मुद्रा कारोबार में वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान वर्षानुवर्ष 14% की वृद्धि हुई है।**

Table : Key Performance Indicators

Indicators	SBI		SBI Group	
	2010-11	2011-12	2010-11	2011-12
Return on Average Assets (%)	0.71	0.88	0.70	0.89
Return on Equity (%)	12.84	14.36	12.92	14.84
Expenses to Income (%) (Operating Expenses to Total Net Income)	47.60	45.23	58.32	53.42
Book Value per share (₹)	1013.82	1214.78	1302.70	1540.64
Basic Earnings Per Share (₹)	130.16	184.31	168.28	241.55
Diluted Earnings Per Share (₹)	130.16	184.31	168.28	241.55
Capital Adequacy Ratio (%) (Basel-I)	10.69	12.05	11.02	11.84
Tier I	6.93	8.50	7.20	8.30
Tier II	3.76	3.55	3.82	3.54
Capital Adequacy Ratio (%) (Basel-II)	11.98	13.86	12.26	13.68
Tier I	7.77	9.79	8.02	9.65
Tier II	4.21	4.07	4.24	4.03
Net NPAs to Net Advances (%)	1.63	1.82	1.56	1.81

Assets

The total assets of the Bank increased by 9.13% from ₹12,23,736.20 crores at the end of March 2011 to ₹13,35,519.23 crores as at the end of March 2012. During the period, the loan portfolio increased by 14.65% from ₹7,56,719.45 crores to ₹8,67,578.89 crores. Investments increased by 5.61% from ₹2, 95,600.57 crores to ₹3,12,197.61 crores as at the end of March 2012. A major portion of the investment was in the domestic market in government securities and investment in Subsidiaries & Associates.

Liabilities

The Bank's aggregate liabilities (excluding capital and reserves) rose by 8.01% from ₹11,58,750.16 crores on 31st March 2011 to ₹ 12,51,568.03 crores on 31st March 2012. The increase in liabilities was mainly contributed by increase in deposits and borrowings. The Global deposits stood at ₹10, 43,647.36 crores as on 31st March 2012 against ₹9,33,932.81 crores as on 31st March 2011, representing an increase of 11.75 % over the level on 31st March 2011.

CORE OPERATIONS

1. BUSINESS GROUPS

A. GLOBAL MARKETS OPERATIONS

Global Markets department mainly handles the bank's liquidity and provides foreign exchange services to customers. In addition, it also handles compliance with reserve requirements of RBI, provides products like derivatives, gold forwards and portfolio management services, and handles the bank's proprietary trading and investment portfolio.

The liquidity management function and debt portfolio's performance depend significantly on interest rate movements and system wide liquidity conditions. In fiscal year 2012, interest rates were volatile due to inflation and liquidity concerns. The second half of the fiscal saw liquidity in the banking system tighten significantly. Within this environment Global Markets continued to actively manage the liquidity and optimized returns on investment.

The equity markets continued to fall for the major part of the year prompting a strategic decision to reduce our exposure to equities for proprietary trading and rebalance the portfolio. We still continue to hold multiple strategic positions and remain on the lookout for good investment opportunities to enhance returns while maintaining a reduced risk appetite given the uncertain environment.

Being the biggest bank of the country and its role as a market maker, the bank endeavours to provide the best prices to corporates, ranging from the behemoths to emerging SMEs both in the Public and Private Sector. In addition, forex treasury facilitates liquidity in the inter-bank market.

In addition to these, the bank also provides Indian Rupee and Foreign Exchange Derivatives to corporates for hedging their interest rate and currency exposures, within the regulatory stipulations.

Treasury Marketing Group markets various treasury products offered by the Bank, to its customers to mitigate Exchange Rate Risk / Interest Rate Risk in their exposures. Dedicated Treasury Marketing Officers continuously engage with the customers bringing them various inputs about markets as part of advisory services offered by the Bank. The Bank's **forex volumes grew by 14% YoY for FY 2011-12**.

ग्लोबल मार्केट्स समूह के पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाएँ अनुभाग, जो सबसे बड़े निधि प्रबंधन कारोबारियों में से एक है, वर्ष 1995 के बाद से विभिन्न भविष्य निधि न्यासों के सेवांत हितलाभ निधियों का प्रबंध संभालता है। यह भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की निधियों के निवेशों का प्रबंध भी संभालता है। 31 मार्च 2012 को पोर्टफोलियो प्रबंधन अनुभाग के प्रबंध अधीन आस्तियाँ ₹2,00,000 करोड़ से भी अधिक हैं।

ख. कारपोरेट बैंकिंग समूह

बैंक के कारपोरेट बैंकिंग समूह के चार कार्यनीतिक व्यवसाय इकाइयाँ हैं । यथा कारपोरेट लेखा समूह, लेनदेन बैंकिंग इकाई, परियोजना वित्त एवं लीजिंग एसबीयू तथा वित्तीय संस्थान व्यवसाय इकाई।

ख.1.कारपोरेट लेखा समूह (कैग)

कैग की स्थापना वर्ष 1995 में सर्वप्रथम कार्यनीतिक व्यवसाय इकाई के रूप में बैंक के कारपोरेट बैंकिंग समूह के तहत की गई थी। विगत वर्षों में कारपोरेट लेखा समूह ने देश में शीर्षस्थ कारपोरेट को सर्वोत्कृष्ट कारपोरेट बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के कार्यनीतिक उद्देश्यों का प्रभावशाली ढंग से प्राप्त है। लगभग पांच सौ ऐसे कारपोरेटों का कारपोरेट लेखा समूह के साथ व्यवहार है। ग्राहकों की इस सूची में प्रत्येक खंड के उद्योग दिग्गज शामिल है।

एक अत्यंत कुशल ग्राहक संबंध टीम और एक दक्ष प्रौद्योगिकी समर्पित उत्पाद-सेवा प्रदायगी तंत्र प्रत्येक कैग यूनिट के मध्य उपलब्ध है। कैग के कार्यालय सभी चारों महानगरों तथा हैदराबाद और अहमदाबाद में है। उपर्युक्त प्रत्येक केंद्र पर क्षेत्रीय प्रमुख का पद अब महाप्रबंधक के स्तर का कर दिया गया है जो समूह के बढ़ते कारोबार के नितांत अनुरूप है। कारपोरेट लेखा समूह के उच्च मालियत वाले ग्राहकों को देखते हुए वरिष्ठ स्तर पर संवाद की दृष्टि से सुविधाप्रद है।

कैग खातों की कुल निधि और गैर-निधि ऋण सीमाएँ ₹5,26,078 करोड़ हैं। निधि आधारित बकाया राशियाँ ₹1,08,774 करोड़ के स्तर से 15% बढ़कर वित्त वर्ष 12 में ₹1,25,286 करोड़ पर पहुँच गई हैं। इसकी बैंक के कुल देशीय ऋण पोर्टफोलियो में 16% और सीएंडआई (गैर-खाद्यान्न) अग्रिमों में 31% हिस्सेदारी है।

वर्ष के दौरान गैर-निधि आधारित बकाया राशियों में भी 17% वृद्धि हुई और ये ₹1,87,062 करोड़ हो गई। कैग का फॉरेक्स कारोबार ₹8,73,416 करोड़ का है जो बैंक के देश में फॉरेक्स कारोबार का 48% है। व्यापार वित्त (एलसी और बैंक गारंटी) कारोबार में भी 30% वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 12 में कारोबार की कुल राशि ₹3,37,486 करोड़ रही। ऋणों के धीमे उठाव और नरम वित्तीय बाजार जिसमें संरचित उत्पादों के लिए बहुत अधिक गुंजाइश नहीं है, कैग के परिचालन लाभ में वित्त वर्ष 12 के दौरान 31% की वृद्धि हुई और यह ₹9,808 करोड़ के स्तर से बढ़कर ₹12,875 करोड़ पर पहुँच गया।

कैग के लगभग 36% निधि आधारित और गैर निधि आधारित बकाया राशियों को विदेशी रेटिंग एजेंसियों से सर्वोच्च रेटिंग ग्रेड प्राप्त हुए। कैग का अनर्जक आस्ति स्तर 31 मार्च 2012 को कुल अग्रिमों राशियों के 0.20% पर भलीभांति नियंत्रित रखा गया है।

वर्ष के दौरान कैग ने उच्च मूल्य वाले अनेक सौदों का प्रबंध किया। इनमें से कुछ को नीचे उल्लेख किया गया है। इनमें परियोजना वित्तपोषण एसबीयू के माध्यम से मंजूर किए गए मीयादी ऋण शामिल नहीं हैं।

- एनटीपीसी लि. ₹10,000 करोड़ के 12 वर्षीय अवधि वाले मीयादी ऋण।
- पॉवर ग्रिड कारपोरेशन आप इंडिया लि. ₹5,000 करोड़ के 15 वर्षीय अवधि वाले मीयादी ऋण।
- टाटा स्टील लि. ₹2,000 करोड़ के 5 वर्षीय अवधि वाले मीयादी ऋण।

उच्च राशिवाले सौदे

₹10,000 करोड़ – एनटीपीसी लि.,
₹5,000 करोड़-पॉवर ग्रिड कारपोरेशन और
₹2000 करोड़ टाटा-स्टील लि.

कोयला कारगो टर्मिनल

नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. को ₹2,500 करोड़ की सावधि ऋण सुविधा

Portfolio Management Services Section of Global Markets, one of the largest fund managers, is managing terminal benefit funds of various provident fund trusts since 1995. It also manages investments of funds of RRBs sponsored by SBI. As on 31st March 2012, Assets under management of Portfolio Management Section exceeded ₹2,00,000 crores.

B. CORPORATE BANKING GROUP

The Bank's Corporate Banking Group consists of four Strategic Business Units viz., Corporate Accounts Group, Transaction Banking Unit, Project Finance & Leasing SBU and Financial Institutions Business Unit.

B.1. Corporate Accounts Group (CAG)

CAG was set up in 1995 as the first Strategic Business Unit to be created under Corporate Banking Group of the Bank. Over the years CAG has effectively met its strategic objectives of delivering best in class Corporate Banking services to the top most corporates in the country. Nearly five hundred such corporates deal with CAG and the client list includes industry leaders in every segment.

A highly skilled Relationship team and a strong delivery platform with enabling technology support lie at the core of each CAG unit. CAG has offices in all four metros, Hyderabad and Ahmedabad. The incumbency of Regional Head at each of the above centres has been upgraded to the level of General Manager in line with the rising business profile of the group and to facilitate interaction at senior level having regard to the high profile of the CAG clients.

The total Fund and Non-Fund limits of CAG accounts stand at ₹5,26,078 crores. The Fund based outstandings grew by 15% during FY'12 from ₹1,08,774 crores to ₹1,25,286 crores. It constitutes 16% of total domestic credit portfolio and 31% of the C & I (Non-Food) advances of the Bank.

The Non-Fund based outstandings at ₹1,87,062 crores also grew by 17% during the year. CAG's FOREX business at ₹8,73,416 crores constitutes 48% of the domestic FOREX business of the Bank. Trade Finance (LC and BG) volumes also registered a growth of 30% with the volumes standing at ₹3,37,486 crores for FY'12. Despite slow pick up of credit and a tepid financial market that did not offer significant scope for structured products, CAG's operating profit grew by 31% from ₹9,808 crores to ₹12,875 crores during FY'12.

About 36% of CAG's Fund based & Non-fund based outstandings carries the highest rating grades from the external rating agencies. The NPA level of CAG is well contained at 0.20% of total advances as on 31st March 2012.

During the year CAG handled several high value deals, a few of which are listed below excluding Term loans sanctioned through PFSBU:

- NTPC Ltd.-Term Loan of ₹10,000 crores with tenor of 12 years.
- Power Grid Corporation of India Ltd.- Term Loan of ₹5,000 crores with tenor of 15 years.
- Tata Steel Ltd – Corporate loan of ₹2,000 crores with tenor of 5 years.

High Value Deals

₹10,000 crores to NTPC Ltd., ₹5,000 crores to Power Grid Corp. & ₹2,000 crores to Tata Steel Ltd.

₹5000 crore Term Loan Facility to Power Grid Corporation of India Ltd.

Jaguar Land Rover manufacturing initiative

- भारती एयरटेल लि. - ₹2,000 करोड़ के 6 वर्षीय अवधि वाले मीयादी ऋण।
- आदानी पॉवर लि. - ₹1,200 करोड़ के 8.5 वर्षीय अवधि वाले मीयादी ऋण।

बैंक ने आदानी, जेएसडब्ल्यू, टाटा आदि जैसे प्रमुख भारतीय समूहों द्वारा विदेश में किए गए अधिग्रहणों के संबंध में एक कार्यनीतिक भूमिका निभायी है।

ख.2 लेनदेन बैंकिंग इकाई (टीबीयू)

टीबीयू नकदी प्रबंध उत्पादों, व्यापार वित्तपोषण और सप्लाई चेन (डीलर/वैंडर) वित्तपोषण पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए स्थापित की गई है। पिछले दो वर्षों के दौरान इसने अपने कार्य कलाप का विस्तार किया।

(1) नकदी प्रबंध उत्पाद (सीएमपी)

- **Assistance for Natural Calamities:** SBI has always been at forefront to help the States affected by natural calamities. During the current fiscal, the Bank has lent its helping hand to the following states, with donations of Rs 5.50 Crores to the Chief Minister's Relief Fund of the respective states to provide help to the people affected by natural calamities.

State	Calamity (Rs in Crores)	Amount
Odisha	Flood	1.00
Puducherry	Cyclone	0.50
Sikkim	Earthquake	1.00
Tamil Nadu	Cyclone	2.00
West Bengal	Earthquake	1.00
Total		5.50

- Our branches across the country made special drives to plant fruit bearing trees to improve green coverage. Fruits will also help birds.
- Our offices/branches undertake various other social welfare activities like blood donation camps, medical camps, tree plantations, adult literacy classes, imparting skills to local community.

ग्रीन बैंकिंग:

- संसाधनों विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा के समुचित उपयोग को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति का कारगर प्रचार-प्रसार और कार्यान्वयन भी कर रहे हैं।
- ऊर्जा के किफायती इस्तेमाल के तरीके भी अपना रहे हैं।
- हमारे बैंक ने विश्व भर में सर्वाधिक सौर एटीएम स्थापित किए हैं। हर वर्ष 2000 टन CO_2 से अधिक की बचत की है।
- कागजरहित बैंकिंग लेनदेन - ग्रीन चैनल बैंकिंग।
- बैंक द्वारा तीन राज्यों में ऊर्जा की आंतरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 15 मेगा वाट क्षमता वाली पवन चक्कियों की स्थापना की गई है।
- ग्राहकों को निर्माण कार्यों में किफायती तौर-तरीके अपनाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु बैंक रियायती ब्याज दरों पर परियोजना ऋण उपलब्ध करा रहा है।

आंतरिक कारपोरेट सामाजिक दायित्व

- हमारे संगठन में सबके लिए समान अवसर उपलब्ध हैं।
- हम अपने कर्मचारियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएँ और स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करते हैं। अनेक कर्मचारी कल्याण योजनाएँ प्रेरणा-प्रोत्साहन के लिए लागू की गई हैं।
- व्यापक आंतरिक प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- स्टाफ को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन दिए जाते हैं और उन्हें संघ बनाने की स्वतंत्रता भी दी गई है।

अनुसंधान और विकास कोष:

बैंक अपने अनुसंधान और विकास कोष से बड़े पैमाने पर अपनी गतिविधियों से जुड़े अनुसंधान कार्य में सहायता प्रदान करता है। बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ मिलकर 100,000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड का वार्षिक अंशदान लंदन स्कूल आफ इकनॉमिक्स स्थित एशिया रिसर्च सेंटर के लिए किया।

एसबीआई यूथ फार इंडिया फेलो द्वारा सावद गांव, महाराष्ट्र में आयोजित युवा मार्गदर्शन कार्यक्रम.

भारतीय स्टेट बैंक बाल कल्याण कोष:

बैंक द्वारा वर्ष 1983 में भारतीय स्टेट बैंक बाल कल्याण कोष का गठन किया गया। कोष की राशि स्टाफ सदस्यों द्वारा किए गए अंशदान और उतनी ही राशि के बराबर बैंक द्वारा किए गए अंशदान से जुटाई गई। अल्प

श्री प्रतीप चौधरी, अध्यक्ष नेशनल एसोसिएशन आफ दि ब्लाइंड, लखनऊ को ब्रेल मशीन दान करते हुए

सुविधाप्राप्त/निचले तबके के बच्चों जैसे लावारिसों, असहायों, अशक्तों और वंचितों के कल्याण में लगी संस्थाओं को अनुदान दिए गए। वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान 8 परियोजनाओं के लिए ₹7.26 लाख की सहायता उपलब्ध कराई गई।

एसबीआई यूथ फार इंडिया:

- एसबीआई यूथ फार इंडिया फेलोशिप - बैंक द्वारा शिक्षित युवाओं को फेलोशिप प्रदान की गई और उन्हें ग्रामीण निर्धनों की स्थानीय स्तर की समस्याओं का समाधान करने के लिए नई परियोजनाएँ हाथ में लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किया है।
- इसके अंतर्गत ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाओं, किसानों और मछवारों के लिए आईवीआरएस हेल्पलाइन, करियर परामर्श, कृषि पैदावार का बाजार में विपणन बढ़ाने, आईसीटी के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और कई अन्य कार्यक्रमों के लिए सहायता उपलब्ध कराई गई।

भविष्य में भी निरंतर योगदान:

हम समाज और हरी-भरी धरती के विकास की दिशा में इसी प्रकार उत्तरोत्तर अनेकानेक सार्थक प्रयास करते रहेंगे।

Green Banking:

- We effectively propagate and implement sustainable usage of resources including renewable energy.
- Adopted energy efficient measures.
- Our Bank is the largest deployer of solar ATMs in the World. Saving more than 2000 tons of CO_2 per year.

Generation of clean energy

- Paperless Banking transaction- Green Channel Banking.
- The Bank has installed windmills with capacity of 15 MW in three states for internal energy needs.
- The Bank extends project loans on concessionary interest rates to encourage customers to reduce Green House gases by adopting efficient manufacturing practices.

Internal CSR

- We are an equal opportunity organization.
- We provide best of the facilities and healthcare to our employees. A large number of Employee Welfare schemes are in place as motivational incentive.
- Extensive in-house training facilities.
- Motivational incentives, Freedom of Association.

SBI Youth for India Fellow conducts career guidance programme at Risod village, Maharashtra.

R & D Fund:

The Bank supports research work relevant broadly to the activities of the Bank from its Research & Development Fund. The Bank makes an annual contribution of GBP 100,000 towards a Chair set up by the Bank jointly with RBI at the Asia Research Centre at London School of Economics.

SBI Children's Welfare Fund:

The Bank constituted SBI Children's Welfare Fund as a Trust in 1983. The Corpus of the Fund is made up of contributions by staff members and matching contribution provided by the Bank. Grants are extended to institutions engaged in the welfare of underprivileged/downtrodden children like orphans, destitute, challenged and deprived, etc. During the FY 2011-12, 8 projects were assisted with ₹7.26 lacs.

SBI Youth for India:

- SBI Youth for India Fellowship- Bank has granted fellowship to educated youth and deployed them to rural areas to undertake innovative projects to address local problems of rural poor.
- This touched upon many projects like Rural Employment Guarantee Schemes, IVRS helpline for farmers & fishermen, career guidance, Enhancing marketability of farm produce, Education of rural youth through ICT, Environment protection, and many others.

SBI Youth for India Fellow conducts English classes for village children at Keezh Agraharam, Tamil Nadu.

Looking ahead:

We will continue with our multi pronged efforts to meaningfully contribute towards more sustainable development of the society and Green Planet.

9. सहयोगी एवं अनुषंगियाँ

स्टेट बैंक समूह अपनी 20193 शाखाओं के साथ भारत में बैंकिंग उद्योग का सिरमौर है। समूह में इसके पांच सहयोगी बैंकों की 5096 शाखाएँ भी हैं। बैंकिंग के अतिरिक्त यह समूह अपनी विभिन्न अनुषंगियों के माध्यम से सभी प्रकार की वित्तीय सेवाएँ भी उपलब्ध कराता है। यह जीवन बीमा, मर्चेंट बैंकिंग, म्यूचुअल फंड, क्रेडिट कार्ड, फैक्टरिंग, प्रतिभूतियों का क्रय-विक्रय, पेंशन फंड प्रबंधन, अभिरक्षा सेवाएँ, साधारण बीमा (गैर-जीवन बीमा) और मुद्रा बाजार में प्राथमिक व्यापारी की सेवाएँ देता है।

परस्पर विक्रय

स्टेट बैंक समूह देश भर में फैली अपनी शाखाओं के माध्यम से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई म्यूचुअल फंड, एसबीआई कार्ड, एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लि., एसबीआई जनरल और बैंक के साथ गठजोड़ व्यवस्था वाली अन्य थर्ड पार्टी कंपनियों के उत्पादों की बिक्री भी करता है।

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा 5.93 लाख व्यक्तिगत जीवन बीमा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किए गए। एसबीआई लाइफ द्वारा 'ऋण रक्षा' योजना सभी खुदरा ऋणियों के लिए शुरू की गई। ऐसे ही, छोटे निवेशकों को निवेश हेतु प्रोत्साहित करने के लिए बैंक द्वारा सिप (नियमित निवेश योजना) उत्पाद की बिक्री की गई। इसके अंतर्गत मध्यम आय वर्ग के ग्राहक म्यूचुअल फंड में नियमित निवेश कर सकते हैं। कुल 1.99 लाख ग्राहकों ने वर्ष के दौरान इस योजना में निवेश किया। 'एसबीआई जनरल' बैंक की संयुक्त उद्यम गैर-जीवन बीमा कंपनी है। इसने 46 उत्पाद शुरू किए हैं। ये लघु एवं मध्यम उद्यम और खुदरा ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। 'व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा' योजना बैंक के बचत बैंक खातेदारों की सुरक्षा के लिए 'एसबीआई जनरल' द्वारा एक प्रयोग के तौर पर मुंबई और अहमदाबाद मंडल में शुरू की गई है। काउंटर पर भुगतान का विकल्प एसबीआई कार्ड ग्राहकों को उपलब्ध कराया गया है। यह कंपनी भुगतान विकल्प कारोबार में पूरे उद्योग में सबसे आगे है।

1 सहयोगी बैंक

भारतीय स्टेट बैंक के पांच सहयोगी बैंकों की मार्च 2012 के अंतिम शुक्रवार को बाजार में जमाराशियों में 6.02% और अग्रिमों में 6.05% की हिस्सेदारी थी।

तालिका: सहयोगी बैंकों का समेकित प्रदर्शन

(₹ करोड़ में)

	31.03.2011 को	31.03.2012 को	परिवर्तन (%)
कुल आस्तियाँ	3,73,963	4,34,947	16.31
सकल जमाराशियाँ	3,11,645	3,61,589	16.03
कुल अग्रिम	2,40,423	2,89,149	20.27
परिचालन लाभ	7,568.68	8,213.91	8.53
निवल लाभ	3,598.43	3,626.35	0.78
ऋण जमा अनुपात	77.29%	79.97%	268 आधार बिंदु
पूँजी पर्याप्तता अनुपात	13.25	13.16	-0.09 आधार बिंदु
सकल अनर्जक आस्तियाँ	5,066.50	8,537.95	68.52
निवल अनर्जक आस्तियाँ	2,443.69	4,417.76	80.78
ईक्विटी पर आय	19.08%	15.64%	-344 आधार बिंदु

9. ASSOCIATES AND SUBSIDIARIES

The State Bank Group with a network of 20193 branches including 5096 branches of its five Associate Banks dominates the banking industry in India. In addition to banking, the Group, through its various subsidiaries, provides a whole range of financial services, which include Life Insurance, Merchant Banking, Mutual Funds, Credit Card, Factoring, Security trading, Pension Fund Management, Custodial Services, General Insurance (Non Life Insurance) and Primary Dealership in the Money Market.

CROSS SELLING

The large network of branches of the State Bank Group is being leveraged to deliver products of SBI Life Insurance Co., SBI Mutual Fund, SBI Card, SBICap Securities Ltd., SBI General and other third party companies having tie-up arrangements with the Bank, thereby offering a wider range of financial products to our customers.

During the year, the Bank covered 5.93 lac lives under various schemes of SBI Life Insurance. 'Rinn Raksha', a Group insurance product was made available for all retail borrowers. Also, for encouraging investment among small investors, the Bank distributed the 'SIP (Systematic Investment Plan)' product by which middle income group customers can invest regularly in the Mutual Funds. A total of 1.99 lac customers were covered in the year under the scheme. 'SBI General', the Bank's non-life insurance JV, rolled out 46 products designed to meet various needs of SME and Retail clients. The 'Personal Accident Insurance' cover for savings bank account holders of the Bank has been rolled out by 'SBI General', as a pilot, in Mumbai and Ahmedabad Circles. An over the counter payment option has been extended to SBI Card customers, thus making the company the industry leader in payment options.

1 Associate Banks

SBI's five Associate Banks had a market share of 6.02% in deposits and 6.05% in advances as on the last Friday of March 2012.

Table: Performance Highlights of Associate Banks (ABs) together :

(₹in Crores)

	As on 31.03.2011	As on 31.03.2012	Change (%)
Total Assets	3,73,963	4,34,947	16.31
Agg. Deposits	3,11,645	3,61,589	16.03
Total Advances	2,40,423	2,89,149	20.27
Operating Profit	7,568.68	8,213.91	8.53
Net Profit	3,598.43	3,626.35	0.78
Credit Deposit Ratio	77.29%	79.97%	268 bps
Capital Adequacy Ratio	13.25	13.16	-0.09 bps
Gross NPA	5,066.50	8,537.95	68.52
Net NPA	2,443.69	4,417.76	80.78
Return on Equity	19.08%	15.64%	-344 bps

सहयोगियों एवं अनुषंगियों की वर्ष के दौरान प्रमुख घटनाएँ:

- एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि. के कुल 10,20,670 ईक्विटी शेयरों की भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक (सिडबी) को 30.11.2011 को ₹32/- प्रति शेयर (अंकित मूल्य ₹10/- और प्रीमियम ₹22/-) के प्रतिफल पर बिक्री की गई। इससे भारतीय स्टेट बैंक की इसमें हिस्सेदारी 86.82% से घटकर 86.18% रह गई। ऐसा एसबीआईजीएफएल के राइट्स इश्यू के तहत किया गया। एसबीआईजीएफएल के राइट्स इश्यू में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निवेश किया गया है। सिडबी को इस निवेश के लिए अभी अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है।
- एसबीआईकैप वेंचर्स लि. द्वारा **9,38,000 शेयरों (कुल शेयरों के 18.39%) की ₹12.26 प्रति शेयर की दर से - ₹1,14,99,880/-** की वापसी खरीद की।
- ₹585/- करोड़ की राशि का ईक्विटी और राइट्स इश्यू में अपनी 75% हिस्सेदारी के रूप में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर में अप्रैल 2011 में निवेश किया गया।
- एसबीआईसीआई बैंक लि. का भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 29.07.2011 को अभिग्रहण किया गया। इस कारण एसबीआई की एसबीबीजे में शेयरधारिता 75% से बढ़कर 75.07% हो गई क्योंकि एसबीआईसीआई लि. की एसबीबीजे में हिस्सेदारी अब एसबीआई की बहियों में आ गई है।

2. एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (एसबीआईकैप)

एसबीआईकैप एक पूर्ण सेवा निवेश बैंकिंग इकाई है जो परियोजना सलाहकारी सेवा प्रदायगी, संरचित वित्त व्यवस्था, पूँजी बाजार सेवा, जैसे - ईक्विटी निर्गमन, विलय व अभिग्रहण तथा प्राइवेट ईक्विटी, आदि सेवाएँ उपलब्ध कराती है। एसबीआईकैप भारत में परियोजना वित्तपोषण में सबसे आगे है और इसकी इस बाजार में 40% हिस्सेदारी है।

इस कंपनी ने वर्ष के दौरान अनेक पुरस्कार/सम्मान प्राप्त किए, जिनमें से कुछ का नीचे उल्लेख किया गया है:

- नंबर 1 मैंडेटिड लीड अरेंजर, पीएफआई द्वारा पूरे विश्व में प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ परियोजना वित्त ऋण कारोबार के लिए।
- नंबर 1 मैंडेटिड लीड अरेंजर, डीलॉजिक द्वारा पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ परियोजना वित्तपोषण ऋण कारोबार के लिए।
- नंबर 1 वित्तीय सलाहकार, डीलॉजिक द्वारा एशिया प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ ऋण कारोबार के लिए।
- नंबर 1 लोन्स मैंडेटिड अरेंजर, ब्लूमबर्ग द्वारा जापान को छोड़कर एशिया प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ।
- नंबर 1 लोन्स बुक रनर, ब्लूमबर्ग द्वारा जापान को छोड़कर एशिया प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ।
- नंबर 1 अर्हताप्राप्त संस्थागत निवेश, ब्लूमबर्ग द्वारा पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ घोषित।
- नंबर 1 राइट्स इश्यू में, प्राइम द्वारा पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ।
- नंबर 1 बांडों के पब्लिक इश्यू में, प्राइम द्वारा पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ।

एसबीआईकैप ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ₹492.66 करोड़ (शुल्क बंटवारे के पूर्व) का कर पूर्व लाभ अकेले दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 में ₹579.35 करोड़ का लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2011-12 में ₹250.98 करोड़ का कर पश्चात लाभ अर्जित किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 में ₹374.72 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया था।

एसबीआई कैंप और इसकी 4 अनुषंगियों ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ₹513.68 करोड़ का कर पूर्व लाभ (शुल्क बंटवारे के पूर्व) दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 में ₹593.89 करोड़ का लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2011-12 में ₹265.30 करोड़ का कर पश्चात लाभ अर्जित किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 में ₹384.56 करोड़ का लाभ दर्ज किया था। लाभ पूँजी बाजार में मंद गतिविधि के कारण पहले की तुलना में नीचे रहे।

2.1 एसबीआईकैप सिक्युरिटीज लिमिटेड (एसएसएल)

एसएसएल, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्व अनुषंगी है। यह खुदरा एवं संस्थागत ग्राहकों को नकद एवं वायदा विकल्प सौदों में ईक्विटी ब्रोकिंग सेवाएँ प्रदान करने के अलावा म्यूचुअल फंड जैसे अन्य वित्तीय उत्पादों के विक्रय और वितरण में संलग्न है। एसएसएल की 89 शाखाएँ हैं और यह खुदरा एवं संस्थागत दोनों प्रकार के ग्राहकों को डीमैट, ई-ब्रोकिंग, ई-आईपीओ और ई-एमएफ सेवाएँ उपलब्ध कराती है। एसएसएल के उसकी बहियों में इस समय 2.52 लाख से अधिक ग्राहक हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ₹4.03 करोड़ का लाभ दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान इसे ₹4.59 करोड़ का कर पश्चात लाभ हुआ था। मंद पूंजी बाजार और कर्मचारी लागतों में वृद्धि होने के कारण लाभ पहले की तुलना में कम रहे।

2.2 एसबीआई कैप्स वेंचर्स लिमिटेड (एसवीएल)

एसवीएल एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्व अनुषंगी है। इसने वर्ष 2011-12 के दौरान ₹0.23 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान इसे ₹0.56 करोड़ का निवल लाभ हुआ था।

Important Developments during the year in Associates & Subsidiaries:

- A total of 10,20,670 equity shares of SBI Global Factors Ltd. were sold by SBI to SIDBI on 30.11.2011 at a consideration of ₹32/- per share (FV ₹10/- and premium ₹22/-) bringing down the stake of SBI from 86.82% to 86.18%. This was part of the Rights Issue of SBIGFL which was subscribed by SBI, pending SIDBI receiving approval for this investment.
- SBICAP Ventures Ltd. bought back **9,38,000 (18.39% of total shares) at ₹12.26 per share- ₹1,14,99,880/-.**
- An amount of ₹585 crores, as equity, was infused in SBBJ by SBI in April, 2011, representing its 75% share in the Rights Issue.
- SBICI Bank Ltd. was acquired by SBI on 29.07.2011. As a result, the shareholding of SBI in SBBJ went up from 75% to 75.07%, as the stake of SBICI Ltd. in SBBJ has now come into the books of SBI.

2 SBI Capital Markets Limited (SBICAP)

SBICAP is a full service investment banking outfit offering Project Advisory Services, arrangements for Structured Finance, Capital Market Services like Equity Issuances, Mergers & Acquisitions and arrangement for Private Equity, etc. SBICAP is a leader in India in Project Finance, with over 40% market share.

The following are some of the many awards / recognitions won by the Company during the year:

- Ranked No 1 Mandated Lead Arranger for Project Finance Loans for Global Asia Pacific by Project Finance International (PFI).
- Ranked No 1 Mandated Lead Arranger for Project Finance Loans for Global by Dealogic.
- Ranked No 1 Financial Advisor for Loans for Asia Pacific by Dealogic.
- Ranked No1 Loans Mandated Arranger for Asia Pacific Ex- Japan by Bloomberg.
- Ranked No 1 Loans Book Runner for Asia Pacific Ex-Japan by Bloomberg.
- Ranked No 1 Qualified Institutional Placements in India by Bloomberg.
- Ranked No1 in Rights Issues in India by PRIME.
- Ranked No 1 in Public Issues of Bonds in India by PRIME.

SBICAP on standalone basis posted a PBT of ₹492.66 crores (before fee sharing) during the FY 2011-12 as against ₹579.35 crores earned in FY 2010-11 and a PAT of ₹250.98 crores in FY 2011-12 as against a PAT of ₹374.72 crores for FY 2010-11.

SBICAP and its 4 subsidiaries posted a PBT of ₹513.68 crores (before fee sharing) during the FY 2011-12 as against ₹593.89 crores earned during FY 2010-11, and a PAT of ₹265 .30 crores in FY 2011-12 as against ₹384.56 crores in FY 2010-11. The profits are lower due to the dampened activity in Capital Markets.

2.1 SBICAP Securities Limited (SSL)

SSL, a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd., besides offering equity broking services to retail and institutional clients both in cash as well as in Futures and Options segments, is also engaged in Sales and Distribution of other financial products like Mutual Funds, etc. SSL has 89 branches and offers Demat, e-broking, e-IPO and e-MF services to both retail and institutional clients. SSL currently has more than 2.52 lac customers on their books. The Company posted a profit of ₹4.03 crores during the FY 2011-12 as against a PAT of ₹4.59 crores during the FY 2010-11. The profits are lower on account of subdued Capital Markets.

2.2 SBICAPS Ventures Limited (SVL)

SVL is a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd. SVL earned a net profit of ₹0.23 crore during 2011-12 as against ₹0.56 crore in 2010-11.

2.3 एसबीआईकैप (यूके) लि. (एसयूएल)

एसयूएल एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्व अनुषंगी है। इसने ₹9.29 करोड़ की आय दर्ज की। इसने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान विश्व स्तर पर मंद परिदृश्य के बावजूद, ₹4.82 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान इसे ₹0.20 करोड़ का निवल लाभ हुआ था।

एसयूएल, यूके और यूरोप में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स के लिए एक संबंध इकाई के रूप में अपनी स्थिति बना रही है। एसबीआई कैप के व्यवसाय उत्पादों का विपणन करने के लिए विदेशी संस्थात्मक निवेशकों, वित्तीय संस्थाओं, विधि फर्मों, लेखा फर्मों आदि के साथ संबंध बनाए जा रहे हैं।

2.4 एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एसटीसीएल)

एसबीआईकैप ट्रस्टी कं. लि. (एसटीसीएल), जिसने 1 अगस्त 2008 से प्रतिभूति न्यासी व्यवसाय शुरू किया था, वर्ष 2011-12 के दौरान ₹11.62 करोड़ की सकल आय और ₹5.86 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान ₹8.31 करोड़ की सकल आय और ₹4.43 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया था।

3. एसबीआई डीएफएचआई लि. (एसबीआई डीएफएचआई)

- एसबीआई समूह की इस प्राथमिक डीलर कंपनी में 71.56% हिस्सेदारी है। यह प्राथमिक नीलामियों में बुक बिल्डिंग प्रक्रिया में सहायता करती है और द्वितीयक बाजार को जी सिक्युरिटीज में आधार और चलनिधि उपलब्ध कराती है।
- 31 मार्च 2012 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹43.50 करोड़ था जबकि वित्त वर्ष 2010-11 में इसने ₹56.94 करोड़ का लाभ अर्जित किया था। पहले की तुलना में लाभ में कमी उच्चतर ब्याज दरों के कारण आई जिस वजह से पहले अधिक मात्रा में एमटीएम प्रावधान करने पड़े।
- 31.03.2011 को एसबीआईडीएफएचआई की बाजार सहभागियों के बीच हिस्सेदारी 3.41% थी जो 31.03.2012 को बढ़कर 4.34% पर पहुँच गई।
- वर्ष के दौरान द्वितीयक बाजार टर्नओवर की राशि ₹1,51,680 करोड़ रही जबकि वर्ष 2011 की इसी अवधि के दौरान ₹97,885 करोड़ थी। (वर्षानुवर्ष 55% वृद्धि रही)।

4. एसबीआई काड्र्स एण्ड पेमेंट्स सर्विसेज प्रा. लि. (एसबीआईसीपीएसएल)

- एसबीआईसीपीएसएल कार्ड जारी करने वाली भारत में एकमात्र अकेली कंपनी है। यह भारतीय स्टेट बैंक और जीई कैपिटल कारपोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम है जिसमें भारतीय स्टेट बैंक की 60% हिस्सेदारी है।
- ''कंपनी के सक्रिय कार्डों'' की संख्या 31 मार्च 2012 को 22.25 लाख थी । औसत प्राप्य राशियाँ मार्च 2012 के अंत में ₹2,178 करोड़ रही है जो मार्च 2011 के अंत में ₹1,795 करोड़ थी।
- कंपनी ने मार्च 2012 को ₹37.90 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया जबकि मार्च 2011 को समाप्त हुए वर्ष में ₹7.10 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया था।

5. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआईलाइफ)

- एसबीआई लाइफ भारतीय स्टेट बैंक और बीएनपी पारीबास के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसमें भारतीय स्टेट बैंक की हिस्सेदारी 74% है।
- एसबीआई लाइफ के पास अनेक प्रकार के उत्पादों, जैसे - बैंकएश्योरेंस, रिटेल एजेंसी व संस्थागत गठजोड़ों और ग्रुप कारपोरेट चैनलों के बीमा उत्पादों की बिक्री करने की अतुल्य व्यवस्था है।
- कंपनी का सकल प्रीमियम ₹13,000 करोड़ को पार कर गया।
- एसबीआई लाइफ की प्राइवेट जीवन बीमा कंपनियों के बीच नव व्यवसाय प्रीमियम (एनबीपी) बाजार में 19.9% की हिस्सेदारी है। एनबीपी बाजार (जिसमें भारतीय जीवन बीमा निगम भी शामिल है) में एसबीआई लाइफ की 31 मार्च 2012 को कुल मिलाकर 5.7% हिस्सेदारी है।
- एनबीपी बाजार में एसबीआई लाइफ प्राइवेट जीवन बीमा कंपनियों के बीच वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान अव्वल नंबर पर आ गई है। वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान यह दूसरे स्थान पर थी।
- ₹555.80 करोड़ का कर पश्चात लाभ 31.03.2012 को दर्ज किया जबकि 31.03.2011 को यह ₹366.30 करोड़ था। इस प्रकार वर्षानुवर्ष 51.73% की वृद्धि दर्ज की गई है।
- एसबीआई लाइफ की 'प्रबंध अधीन आस्तियों' में वर्षानुवर्ष 16% की वृद्धि दर्ज की गई है। ये 31 मार्च 2012 को ₹46,576 करोड़ पर पहुँच गई।

2.3 SBICAP (UK) Ltd. (SUL)

SUL is a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd. During the year, SUL booked a revenue of ₹9.29 crores and posted a net profit of ₹4.82 crores during FY 2011-12, as against ₹0.20 crore during FY 2010-11, despite the global recessionary scenario.

SUL is positioning itself as a Relationship outfit for SBI Capital Markets in UK and Europe. Relationships are being built with FIIs, Financial Institutions, Law Firms, Accounting Firms, etc to market the business products of SBICAP.

2.4 SBICAP Trustee Co. Ltd. (STCL)

STCL, a wholly owned subsidiary of SBI Capital Markets Ltd., which commenced security trustee business with effect from 1st August 2008, has earned a Gross Income of ₹11.62 crores and a Net Profit of ₹5.86 crores during 2011-12, as against Gross Income of ₹8.31 crores and Net Profit of ₹4.43 crores during 2010-11.

3 SBI DFHI Ltd. (SBI DFHI)

- SBI group holds a 71.56% share in the Company, which is a primary dealer to support the book building process in Primary Auctions and to provide depth and liquidity to secondary markets in G-Secs.
- For the period ended 31st March 2012, the Company's PAT was ₹43.50 crores as against ₹56.94 crores earned during FY 2010-11. The profit is lower because of the high interest regime leading to higher MTM provisions.
- The market share of SBIDFHI amongst market participants has increased from 3.41% as on 31.03.2011 to 4.34 % as on 31.03.2012.
- The secondary market turnover during the year was ₹1,51,680 crores as against ₹97,885 crores during the corresponding period in 2011 (YoY growth of 55%).

4 SBI Cards & Payments Services Pvt. Ltd. (SBICPSL)

- SBICPSL, the only stand-alone credit card issuing company in India, is a joint venture between State Bank of India and GE Capital Corporation, wherein SBI holds a 60% stake.
- The "Cards in Force" (CIF) of the Company stood at 22.25 lacs as at 31st March 2012. The average receivables stood at ₹2,178 crores as at the end of March 2012, as against ₹1,795 crores at the end of March 2011.
- The Company posted a net profit of ₹37.90 crores as on March 2012 as against ₹7.10 crores earned during the year ended March 2011.

5 SBI Life Insurance Company Limited (SBILIFE)

- SBI Life is Joint Venture Company between SBI and BNP Paribas Cardiff, in which SBI holds a 74% stake.
- SBI Life has a unique multi-distribution model comprising Bancassurance, Retail Agency and Institutional Alliances and Group Corporate Channels for distribution of insurance products.
- The Gross Premium of the Company crossed ₹13,000 crores.
- SBI Life has a market share of 19.9% in respect of New Business Premium (NBP) amongst Private Life Insurers . The overall market share (including Life Insurance Corporation of India) of SBI Life in terms of NBP stood at 5.7% as on 31st March 2012.
- In NBP, SBI Life's ranking improved to the FIRST position amongst Private Life Insurers during FY 2011-12 from the Second position during FY 2010-11.
- SBI Life recorded a PAT of ₹555.80 crores as on 31.03.2012 as against ₹366.30 crores as on 31.03.2011 recording a YoY growth of 51.73%.
- The 'Assets under Management' of SBI Life recorded a growth of 16% YoY to reach ₹46,576 crores as on 31st March 2012.

- एसबीआई लाइफ ने वर्ष के दौरान और 85 शाखाएँ खोली। इसकी अब कुल 714 शाखाएँ हो गई हैं।
- आईसीआरए ने कंपनी को फिर से iAAA रेटिंग दी और इसे बीमा दावों का भुगतान करने में सर्वोच्च क्षमतावान कंपनी घोषित किया है।
- क्रिसिल ने कंपनी को फिर से उच्चतम वित्तीय रेटिंग AAA/स्टेबल रेटिंग दी है।

कंपनी को वर्ष 2011-12 के दौरान प्राप्त कुछ पुरस्कारों/सम्मानों का नीचे उल्लेख किया गया है:

- 'एनडीटीवी प्रॉफिट बिजनेस लीडरशिप अवार्ड' का वर्ष 2011 और 2010 में लगातार दो बार विजेता।
- मोस्ट ट्रस्टिड प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस ब्रांड 2011 जो द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा कराए गए ब्रांड ईक्विटी मोस्ट ट्रस्टिड ब्रांड सर्वे के आधार पर दिया गया।
- आईएमसी रामकृष्ण बजाज नेशनल क्वालिटी अवार्ड्स 2011 के अंतर्गत सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट विजेता।
- 'आईसीएआई अवार्ड फॉर एक्सिलेंस इन फाइनेंशियल रिपोर्टिंग', वित्त वर्ष 10-11 के लिए जीता।
- साफा द्वारा 'बेस्ट प्रेसेंटिड अकाउंट्स अवार्ड' का विजेता।
- एसबीआई लाइफ लीड्स ग्लोबली एट मिलियन डॉलर राउंड टेबल (एमडीआरटी) 2011

6. एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (प्रा.) लि. (एसबीआईएफएमपीएल)

- एसबीआईएफएमपीएल भारतीय स्टेट बैंक की म्यूचुअल फंड इकाई है। यह 'प्रबंध अधीन आस्तियों' की दृष्टि से छठी सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड इकाई है। इस बाजार की यह प्रमुख इकाई है जिसके 60 लाख निवेशक हैं।
- इसकी वार्षिक रैंकिंग लगभग सभी ईक्विटी स्कीमों में बेहतर हुई है।
- इस फंड हाउस की स्कीमें पिछले वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही हैं। निवेशकों द्वारा इसे सबसे ज्यादा पसंद किया जाता रहा है।
- कंपनी द्वारा वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ₹60.52 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया गया।
- कंपनी की 'प्रबंध अधीन आस्तियों' का औसत जनवरी- मार्च 2012 तिमाही के दौरान ₹42,042 करोड़ रहा जबकि जनवरी-मार्च 2011 तिमाही के दौरान यह ₹41,672 करोड़ था।

कंपनी को वर्ष 2011-12 के दौरान प्राप्त कुछ पुरस्कारों/सम्मानों का नीचे उल्लेख किया गया है:

- ब्लूमबर्ग यूटीवी अवार्ड्स में स्थायी आय श्रेणी में वर्ष के सर्वोत्कृष्ट फंड हाउस के लिए नामांकित।
- क्रिसिल सीएनबीसी अवार्ड में अति अल्पावधि निधि और नकदी निधि श्रेणी में 3 सर्वोत्कृष्ट फंडों के लिए नामांकित।
- आईसीआरए पुरस्कार समारोह में 5 पुरस्कार जीते।

7. एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि. (एसबीआईजीएफएल)

- एसबीआईजीएफएल भारत में एक प्रमुख फैक्टरिंग कंपनी है। इसकी देश में और निर्यात एवं आयात फैक्टरिंग में बाजार में सबसे अधिक हिस्सेदारी है।
- 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी का टर्नओवर बढ़कर ₹9,014 करोड़ पर पहुँच गया। यह 31 मार्च 2011 को ₹7,605 करोड़ था। इस प्रकार वर्षानुवर्ष 18.53% की वृद्धि दर्ज की गई।
- कंपनी को 31.03.2012 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹66.78 करोड़ की हानि हुई जबकि 31.03.2011 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹125.62 करोड़ की हानि हुई थी। कंपनी की अब कायापलट हो गई है और सितंबर 2011 के बाद से इसने परिचालन लाभ कमाना शुरू कर दिया है।

8. एसबीआई पेंशन फंड्स प्रा. लि. (एसबीआईपीएफ)

- एसबीआईपीएफ पेंशन निधि नियमन और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा केंद्र सरकार (सशस्त्र बलों को छोड़कर) और राज्य सरकार कर्मचारियों के लिए गठित नई पेंशन व्यवस्था की पेंशन निधियों के प्रबंधन के लिए नियुक्त तीन निधि प्रबंधन इकाइयों में से एक है।
- पीएफआरडीए ने एनपीएस के तहत अनौपचारिक क्षेत्र के लिए और 4 पीएफएम नियुक्त किए हैं।
- एसबीआईपीएफ, स्टेट बैंक समूह की एक पूर्ण स्वामित्व अनुषंगी है जिसने अप्रैल 2008 से अपना कारोबार शुरू किया है। कंपनी की 31 मार्च 2012 को कुल ₹6,022 करोड़ (वर्षानुवर्ष 60% वृद्धि) की 'प्रबंध अधीन आस्तियाँ' रहीं।

- SBI Life expanded its branch network by adding 85 branches during the year bringing the total number of branches to 714.
- ICRA has reaffirmed its iAAA rating to the company indicating highest claim paying ability.
- CRISIL has reaffirmed its highest financial rating of AAA/ Stable.

The following are some of the awards / recognitions received by the Company during 2011-12:

- Winner of 'NDTV Profit Business Leadership Award' twice in a row, 2011 and 2010.
- Awarded the Most Trusted Private Life Insurance Brand 2011 by The Economic Times, Brand Equity Most Trusted Brand Survey.
- Won IMC Ramkrishna Bajaj National Quality Awards 2011 - Certificate of Merit.
- Winner of 'ICAI Award for Excellence in Financial Reporting' for FY 10 – 11.
- Winner of 'Best Presented Accounts Award' by SAFA.
- SBI Life leads globally at Million Dollar Round Table (MDRT) 2011.

6. SBI Funds Management (P) Ltd. (SBIFMPL)

- SBIFMPL, the Asset Management Company of SBI Mutual Fund, is the 6th largest Fund House in terms of average "Assets Under Management" and is a leading player in the market with 6 million investors.
- The Annual Rankings have improved for almost all Equity Schemes.
- The schemes of the Fund House have performed consistently over the years, and have emerged as the preferred investment for investors.
- The company has posted a PAT of ₹60.52 crores during FY 2011-12.
- The average "Assets Under Management" (AUM) of the company for Jan-Mar 2012 quarter stood at ₹42,042 crores as against ₹41,672 crores during Jan-Mar 2011 quarter.

The following are some of the awards / recognitions received by the Company during 2011-12:

- Nominated for Best Fund House of the Year in Fixed Income Category - Bloomberg UTV Awards.
- Nominated amongst 3 Best Funds in Ultra Short Term Fund and Liquid Fund Category- CRISIL CNBC Award.
- Won 5 awards at ICRA Award Ceremony.

7. SBI Global Factors Ltd. (SBIGFL)

- SBIGFL is one of the leading factoring companies in India which has the highest market share in domestic as well as export & import factoring.
- During the year ended 31st March 2012, the turnover of the company increased to ₹9,014 crores from ₹7,605 crores as on 31st March 2011, registering a YoY growth of 18.53%.
- The company incurred a loss of ₹66.78 crores during the year ended 31.03.2012 as against a loss of ₹125.62 crores incurred during the year ended 31.03.2011. The Company has turned around and has started making operating profits since Sept 2011.

8. SBI Pension Funds Pvt. Ltd. (SBIPF)

- SBIPF is one of the three Pension Fund Managers (PFM) appointed by Pension Fund Regulatory & Development Authority (PFRDA) for management of Pension Funds under the National Pension System (NPS) for Central Government (except Armed Forces) and State Government Employees.
- PFRDA has appointed 4 more PFMs for the informal sector under the NPS.
- SBIPF, a wholly owned subsidiary of the State Bank Group, commenced operations from April 2008. The total "Assets Under Management" of the company as on 31st March 2012 were ₹6,022 crores (YoY growth of 60 %).

- कंपनी ने संगठित और गैर-संगठित दोनों क्षेत्रों के लिए प्रबंध अधीन आस्तियों की दृष्टि से 7 पेंशन फंड प्रबंधकों के बीच अपना अव्वल स्थान बनाए रखा।
- गैर-संगठित क्षेत्र में कंपनी की बाजार में कुल 52.31% जबकि संगठित क्षेत्र में 39.41% हिस्सेदारी रही।
- कंपनी को वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान मुख्यतया फीस प्रबंधन में पहले से कम ब्याज आय (प्रबंध अधीन आस्तियों का 0.0009%) होने के कारण ₹33.45 लाख की निवल हानि हुई।

9. एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसबीआईजीआईसी)

- एसबीआईजीआईसी भारतीय स्टेट बैंक और आईएजी आस्ट्रेलिया के बीच एक संयुक्त उद्यम है जिसमें भारतीय स्टेट बैंक की 74% हिस्सेदारी है।
- एसबीआईजीआईसी ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान पूरी तरह से अपना कारोबार शुरू करने का दूसरा वर्ष पूरा कर लिया।
- कंपनी को 31 मार्च 2012 को ₹250 करोड़ का कुल लिखित प्रीमियम (₹10.94 करोड़ पुनर्बीमा सहित) प्राप्त हुआ।
- कंपनी ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ₹135.20 करोड़ हानि के अनुमान की तुलना में ₹95.35 करोड़ की निवल हानि दर्ज की जबकि वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान इसे ₹26.82 करोड़ की हानि हुई थी।
- एसबीआईजीआईसी में अनेक प्रकार के बीमा उत्पादों, जैसे बैंकएश्योरेंस, एजेंटों, दलालों के माध्यम से और ग्राहकों को सीधे स्वयं बिक्री करने की व्यवस्था है।

10. एसबीआई एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेज प्रा. लि. (एसबीआईएसजी)

- एसबीआईएसजी भारतीय स्टेट बैंक और फ्रांस की सोसाइटी जनरल के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इसकी स्थापना किसी वित्तीय समूह द्वारा दी जाने वाली अनेक प्रकार की वित्तीय सेवाओं को पूरा करने के लिए उच्च कोटि की अभिरक्षा और निधि संचालन सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए की गई थी।
- एसबीआईएसजी ने मई 2010 से वाणिज्यिक अभिरक्षा कारोबार और सितंबर 2010 से निधि लेखाकरण सेवाएँ शुरू कीं।
- कंपनी ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ₹24.71 लाख का निवल लाभ दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान इसे ₹137.47 लाख की निवल हानि हुई थी।
- अभिरक्षाधीन आस्तियाँ 31 मार्च 2012 को ₹28,659.47 करोड़ थीं जबकि प्रशासनाधीन आस्तियाँ ₹42,671.35 करोड़ थीं।

अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों की 31.03.2012 की स्थिति की सूचना

क. देश में स्थित बैंकिंग अनुषंगियाँ

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	बैंक का नाम	एसबीआई की स्वामित्व में हिस्सेदारी		कुल आस्तियाँ	कुल जमा राशियाँ	कुल अग्रिम	परि. लाभ	निवल लाभ	ऋण-जमा अनुपात	पूँजी पर्याप्तता अनुपात %	कुल एनपीए %	निवल एनपीए %	ईक्विटी पर आय %
		राशि	%										
1	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	676.12	75.07	72528	61255	49986	1490	652	81.60	13.76	3.30	1.92	15.66
2	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	367.55	100	117568	100552	78336	2653	1298	78.08	13.56	2.56	1.30	19.98
3	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	628.63	92.33	60404	49663	40652	1060	369	81.86	12.55	3.70	1.93	9.26
4	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	445.10	100	98498	79154	64140	1763	796	81.03	12.30	2.94	1.35	16.66
5	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	120.85	75.01	85949	70965	56034	1249	511	78.96	13.55	2.66	1.54	13.62

- The Company maintained its lead position amongst the 7 Pension Fund Managers in terms of AUM, for both the organized and Informal sectors.
- The overall AUM market share in the Informal sector was 52.31%, while in the organized sector it was 39.41%.
- The Company recorded a net loss of ₹33.45 lacs during the FY 2011-12 mainly on account of lower interest management of fee (0.0009% of AUM).

9. SBI General Insurance Company Ltd. (SBIGIC)

- SBIGIC is a joint venture between State Bank of India and IAG Australia, in which SBI holds a 74% stake.
- SBIGIC has completed its second year of full operations during FY 2011-12.
- Gross Written Premium stood at ₹250 crores (including ₹10.94 crores of re-insurance) as at 31st March 2012.
- The Company recorded a net loss of ₹95.35 crores as against the estimated loss of ₹135.20 crores during the FY 2011-12 and a loss of ₹26.82 crores was incurred during the FY 2010-11.
- SBIGIC has a multi-distribution model comprising Bancassurance, Agents, Broker and Direct Channels for distribution of insurance products.

10. SBI SG Global Securities Services Pvt. Ltd. (SBISG)

- SBISG, a joint venture between State Bank of India and Societe Generale of France, was set up to offer high quality custody and fund administration services to complete the bouquet of financial services on offer by a financial conglomerate.
- SBISG commenced commercial operations in Custody in May 2010 and Fund Accounting Services in Sept 2010.
- The Company recorded a net profit of ₹24.71 lacs during the FY 2011-12 as against a net loss of ₹137.47 lacs during the FY 2010-11.
- The Assets Under Custody as on 31st March 2012 stood at ₹28,659.47 crores, while the Assets Under Administration were at ₹42,671.35 crores.

INFORMATION WITH REGARD TO SUBSIDIARIES & JOINT VENTURES AS ON 31.03.2012

A. Domestic Banking Subsidiaries

(Amount in crores)

S. No	Name of the Bank	SBI Share of ownership		Total Assets	Agg. Deposits	Total Advances	Op. Profit	Net Profit	CD Ratio	CAR %	Gross NPAs %	Net NPA %	Return on Equity %
		Amt.	%										
1	State Bank of Bikaner & Jaipur	676.12	75.07	72528	61255	49986	1490	652	81.60	13.76	3.30	1.92	15.66
2	State Bank of Hyderabad	367.55	100	117568	100552	78336	2653	1298	78.08	13.56	2.56	1.30	19.98
3	State Bank of Mysore	628.63	92.33	60404	49663	40652	1060	369	81.86	12.55	3.70	1.93	9.26
4	State Bank of Patiala	445.10	100	98498	79154	64140	1763	796	81.03	12.30	2.94	1.35	16.66
5	State Bank of Travancore	120.85	75.01	85949	70965	56034	1249	511	78.96	13.55	2.66	1.54	13.62

ख. गैर-बैंकिंग अनुषंगियाँ

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	अनुषंगी कंपनी का नाम	स्वामित्व (स्टेट बैंक की हिस्सेदारी)	स्वामित्व का %	निवल लाभ (हानि) वित्त वर्ष 2011-12
1	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि. (समेकित)	58.03	100	265.30
2	एसबीआई डीएफएचआई लि.	139.15	63.78	43.50
3	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.	2.00	100	(0.76)
4	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि.	0.10	100	3.21
5	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.	137.79	86.18	(66.78)
6	एसबीआई पेंशन फंड्स प्रा. लि.	18.00	90	(0.33)
7	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.	31.50	63	60.52
8	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट्स सर्विसेज प्रा. लि.	471.00	60	37.90
9	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	740.00	74	555.80
10	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेज प्रा. लि.	52.00	65	0.25
11	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	111.00	74	(95.35)

ग. संयुक्त उद्यम

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	अनुषंगी कंपनी का नाम	स्वामित्व (स्टेट बैंक की हिस्सेदारी)	स्वामित्व का %	निवल लाभ (हानि) वित्त वर्ष 2011-12
1	सी-एज टेक्नोलॉजीस लि.	4.90	49	18.96
2	जीई कैपिटल बिजनेस प्रोसेस मैनेज. सर्विसेज प्रा. लि.	10.80	40	(0.40)
3	मैकवेरी एसबीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेज. प्रा. लि.	2.25	45	20.60
4	एसबीआई मैकवेरी इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेज. प्रा. लि.	18.57	45	8.81
5	एसबीआई मैकवेरी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.	0.025	45	(0.0157)
6	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-मैनेज. कं. प्रा. लि.	2.30	50	3.32
7	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-ट्रस्टी कं. प्रा. लि.	0.01	50	0.003

घ. विदेशी बैंकिंग अनुषंगियाँ

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	अनुषंगी कंपनी का नाम	स्वामित्व (स्टेट बैंक की हिस्सेदारी)	स्वामित्व का %	निवल लाभ (हानि) वित्त वर्ष 2011-12
1	स्टेट बैंक आफ इंडिया (कैलिफोर्निया)	420.27	100	3.08
2	स्टेट बैंक आफ इंडिया (कनाडा)	567.17	100	8.49
3	कमर्शियल बैंक आफ इंडिया लि.ला.कं., मॉस्को	54.94	60	18.19
4	एसबीआई (मारिशस) लि.	412.74	93.40	74.93
5	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	67.84	76	11.47
6	नेपाल एसबीआई बैंक लि.	75.74	55.05	28.23

B. Non Banking Subsidiaries

(Amount in crores)

S. No	Name of the Subsidiary Company	Ownership (State Bank interest)	% of Ownership	Net Profit (Loss) for the FY 2011-12
1	SBI Capital Markets Ltd. (Consolidated)	58.03	100	265.30
2	SBI DFHI Ltd.	139.15	63.78	43.50
3	SBI Payment Services Pvt. Ltd.	2.00	100	(0.76)
4	SBI Mutual Fund Trustee Company Pvt Ltd.	0.10	100	3.21
5	SBI Global Factors Ltd.	137.79	86.18	(66.78)
6	SBI Pension Funds Pvt. Ltd.	18.00	90	(0.33)
7	SBI Funds Management Pvt. Ltd.	31.50	63	60.52
8	SBI Cards & Payment Services Pvt. Ltd.	471.00	60	37.90
9	SBI Life Insurance Company Ltd.	740.00	74	555.80
10	SBI-SG Global Securities Services Pvt. Ltd.	52.00	65	0.25
11	SBI General Insurance Company Ltd.	111.00	74	(95.35)

C. Joint Ventures

(Amount in crores)

S. No	Name of the Subsidiary Company	Ownership (State Bank interest)	% of Ownership	Net Profit (Loss) for the FY 2011-12
1	C-Edge Technologies Ltd.	4.90	49	18.96
2	GE Capital Business Process Mgt. Services Pvt. Ltd.	10.80	40	(0.40)
3	Macquarie SBI Infrastructure Mgt. Pte. Ltd.	2.25	45	20.60
4	SBI Macquarie Infrastructure Mgt. Pvt. Ltd.	18.57	45	8.81
5	SBI Macquarie Infrastructure Trustee Pvt. Ltd.	0.025	45	(0.0157)
6	Oman India Joint Investment Fund-Mgt. Co Pvt. Ltd.	2.30	50	3.32
7	Oman India Joint Investment Fund-Trustee Co Pvt. Ltd.	0.01	50	0.003

D. Foreign Banking Subsidiaries

(Amount in crores)

S. No	Name of the Subsidiary Company	Ownership (State Bank interest)	% of Ownership	Net Profit (Loss) for the FY 2011-12
1	State Bank of India (California)	420.27	100	3.08
2	State Bank of India (Canada)	567.17	100	8.49
3	Commercial Bank of India Llc, Moscow	54.94	60	18.19
4	SBI (Mauritius) Ltd.	412.74	93.40	74.93
5	PT Bank SBI Indonesia	67.84	76	11.47
6	Nepal SBI Bank Ltd.	75.74	55.05	28.23

10. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई एक्ट 2005)

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों और अपीलों का निपटान करने हेतु शाखाओं/प्रशासनिक कार्यालयों/क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालयों/स्थानीय प्रधान कार्यालयों में समुचित व्यवस्था की गई है। जनता की सुविधा के लिए बैंक ने अपनी वेबसाइट http://statebankofindia.com और http://www.sbi.co.in पर भी एक लिंक सृजित किया है।

उत्तरदायित्व वक्तव्य

निदेशक बोर्ड एतदद्वारा उल्लेख करता है कि:

i. वार्षिक लेखे तैयार करते समय लागू लेखा मानकों का समुचित अनुपालन किया गया है और महत्त्वपूर्ण विचलनों की स्थिति में समुचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ii. उन्होंने ऐसी लेखा नीतियों का चयन एवं निरंतर प्रयोग किया है और ऐसे निर्णय लिए हैं तथा प्राक्कलन किए हैं, जो 31 मार्च 2012 को बैंक के कार्यकलाप और उक्त दिनांक को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के लाभ एवं हानि की सही एवं निष्पक्ष स्थिति दर्शाने के लिए पर्याप्त एवं विवेक सम्मत हैं;

iii. उन्होंने बैंक की आस्तियों की सुरक्षा करने और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्ड रखने हेतु समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है; और

iv. उन्होंने वार्षिक लेखों को वर्तमान और भावी सतत अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किया है।

आभार

वर्ष के दौरान श्री आर. श्रीधरन, प्रबंध निदेशक (भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 19 (ख) के अंतर्गत) अधिवर्षिता आयु पूर्ण होने पर, 30 जून 2011 को सेवानिवृत्त हो गए। श्रीमती श्यामला गोपीनाथ, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, नामिती निदेशक अधिवार्षिता आयु पूर्ण होने पर 20 जून 2011 को सेवानिवृत्त हो गईं। डॉ. अशोक झुनझुनवाला, शेयरधारकों द्वारा धारा 19 (ग) के अंतर्गत निर्वाचित निदेशक, अपना दूसरा कार्यकाल पूरा होने पर 23 जून 2011 को बोर्ड से निवृत्त हो गए। डॉ. राजीव कुमार, भारत सरकार द्वारा धारा 19 (घ) के अंतर्गत नामित निदेशक, अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 7 सितंबर 2011 को बोर्ड से निवृत्त हो गए।

श्री दिलीप सी. चौकसी, श्री वी. वेंकटाचलम और श्री डी. सुंदरम द्वारा 23 जून 2011 को अपना पहला कार्यकाल पूरा होने पर वे केंद्रीय बोर्ड में नहीं रहे और श्री पार्थसारथी अय्यंगार 24 जून 2011 को आयोजित साधारण सभा में शेयरधारकों द्वारा पहली बार चुने जाने के साथ उक्त सभी निदेशक भी 25 जून 2011 से तीन वर्ष की अवधि के लिए पुन: निदेशक चुने गए।

श्री डी. के. मित्तल, सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में धारा 19 (ङ) के अंतर्गत दिनांक 3 अगस्त 2011 की अधिसूचना के द्वारा श्री शशिकांत शर्मा के स्थान पर नामित किए गए। डॉ. सुबीर वि. गोकर्ण दिनांक 4 अगस्त 2011 की अधिसूचना के द्वारा धारा 19 (च) के अंतर्गत श्रीमती श्यामला गोपीनाथ के स्थान पर भारतीय रिजर्व के नामिती निदेशक के रूप में नामित किए गए। श्री ज्योतिभूषण महापात्र दिनांक 21 नवंबर 2011 से धारा 19 (ग क) के अंतर्गत कामगार कर्मचारी निदेशक के रूप में नामित किए गए। श्री दीपक ईश्वरभाई अमिन दिनांक 24 जनवरी 2012 से बोर्ड में धारा 19 (घ) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा नामित किए गए।

निदेशक, बोर्ड की चर्चाओं में श्री आर. श्रीधरन, श्रीमती श्यामला गोपीनाथ, डॉ. अशोक झुनझुनवाला, डॉ. राजीव कुमार और श्री शशिकांत शर्मा द्वारा दिए गए योगदान की सराहना करते हैं और साथ ही बोर्ड में निदेशकों के रूप में शामिल हुए श्री पार्थसारथी अय्यंगार, श्री डी. के. मित्तल, डॉ. सुबीर वि. गोकर्ण, श्री ज्योतिभूषण महापात्र और श्री दीपक ईश्वरभाई अमिन का स्वागत करते हैं।

निदेशकों ने भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, आईआरडीए और अन्य सरकारी एवं विनियामक एजेंसियों से प्राप्त मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी अपनी कृतज्ञता प्रकट की है।

निदेशकों ने सभी महत्वपूर्ण ग्राहकों, शेयरधारकों, बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं, शेयर बाजारों, रेटिंग एजेंसियों और अन्य हितधारकों को भी उनके संरक्षण एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है और बैंक के कर्मचारियों की समर्पित एवं प्रतिबद्ध टीम की उन्होंने सराहना की है।

केन्द्रीय निदेशक बोर्ड के लिए
और उनकी ओर से,

दिनांक : 18 मई, 2012

अध्यक्ष

10. RIGHT TO INFORMATION ACT 2005 (RTI ACT 2005)

Suitable structure has been put in place at Branches/Administrative Offices/Regional Business Offices/Local Head Offices for handling requests and appeals under RTI Act 2005. For convenience of the public, the bank has also created an RTI link on its website http://www.statebankofindia.com and http://www.sbi.co.in

Responsibility Statement

The Board of Directors hereby states:

i. that in the preparation of the annual accounts, the applicable accounting standards have been followed along with proper explanation relating to material departures;

ii. that they have selected such accounting policies and applied them consistently and made judgements and estimates as are reasonable and prudent, so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank as on the 31st March 2012, and of the profit and loss of the bank for the year ended on that date;

iii. that they have taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Banking Regulation Act, 1949 and State Bank of India Act, 1955 for safeguarding the assets of the Bank and preventing and detecting frauds and other irregularities; and

iv. that they have prepared the annual accounts on a going concern basis.

ACKNOWLEDGEMENT

During the year, Shri R. Sridharan, Managing Director [under Section 19(b)of SBI Act 1955], retired on attaining superannuation on 30th June 2011. Smt. Shymala Gopinath, Dy. Governor, Reserve Bank of India Nominee Director, retired on attaining superannuation, as on 20th June 2011. Dr. Ashok Jhunjhunwala, Director, elected by shareholders under Section 19(c), retired from the Board on 23rd June 2011 consequent upon completion of his second term. Dr. Rajiv Kumar, Director nominated under Section 19(d) by Govt. of India, retired from the Board on 7th September 2011 consequent upon completion of his term of three years.

Shri Dileep C. Choksi, Shri S.Venkatachalam and Shri D. Sundaram retired from the Central Board on 23rd June 2011 consequent upon completion of their first term and were re-elected as Directors, alongwith Shri Parthasarathy Iyengar, elected for the first time, for a period of three years w.e.f. 25th June 2011, by the shareholders at the General Meeting held on 24th June 2011.

Shri D.K. Mittal was nominated as Govt. Nominee Director, vice Shri Shashi Kant Sharma, under Section 19(e), vide Notification dated 3rd August 2011. Dr. Subir V. Gokarn was nominated as RBI Nominee Director, vice Smt. Shyamala Gopinath, under Section 19(f), vide Notification dated 4th August 2011. Shri Jyoti Bhushan Mohapatra was nominated as Workmen Employee Director, under Section 19(ca), w.e.f. 21st November 2011. Shri Deepak Ishwarbhai Amin, was nominated as Director, under Section 19(d), by Govt. of India, w.e.f. 24th January 2012.

The Directors place on record their appreciation for the contribution made by Shri R. Sridharan, Smt. Shyamala Gopinath, Dr. Ashok Jhunjhunwala, Dr. Rajiv Kumar and Shri Shashi Kant Sharma to the deliberations of the Board and welcome Shri Parthasarathy Iyengar, Shri D.K.Mittal, Dr. Subir V. Gokarn, Shri Jyoti Bhushan Mohapatra and Shri Deepak I. Amin, who joined the Board, as Directors, for the first time.

The Directors express their gratitude for the guidance and cooperation received from the Government of India, RBI, SEBI, IRDA and other government and regulatory agencies.

The Directors also thank all the valued clients, shareholders, banks and financial institutions, stock exchanges, rating agencies and other stakeholders for their patronage and support, and take this opportunity to express their appreciation of the dedicated and committed team of employees of the Bank.

For and on behalf of the
Central Board of Directors

Date : 18th May 2012

Chairman

कारपोरेट अभिशासन

अभिशासन कोड के प्रति बैंक का दृष्टिकोण

भारतीय स्टेट बैंक कारपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का अक्षरश: अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक का मानना है कि उपयुक्त कारपोरेट अभिशासन का महत्व विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन से अधिक होता है। उपयुक्त अभिशासन से व्यवसाय के प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण में सुविधा होती है । इसके अनुपालन से बैंक व्यावसायिक सदाचार का उच्च स्तर बनाए रख सकता है और अपने सभी हितधारकों को इष्टतम परिणाम दे सकता है। संक्षेप में इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- शेयरधारकों की पूंजी की सुरक्षा और उसमें वृद्धि करना।
- ग्राहकों, कर्मचारियों तथा समग्र समाज जैसे अन्य सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करना।
- संप्रेषण में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना तथा सभी संबंधित पक्षों को संपूर्ण, सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराना।
- ग्राहक सेवा तथा निष्पादन संबंधी उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना तथा सभी स्तरों पर उत्कृष्टता हासिल करना।
- ऐसा सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण कारपोरेट नेतृत्व प्रदान करना, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हो।

बैंक निम्नलिखित बातों के लिए प्रतिबद्ध है :

- यह सुनिश्चित करना कि बैंक का निदेशक बोर्ड नियमित बैठकें करे, व्यवसाय तथा कार्यों के मामले में प्रभावी नेतृत्व तथा व्यावहारिक - ज्ञान प्रदान करे तथा बैंक के निष्पादन की निगरानी करे।
- कार्यनीतिक नियंत्रण की रूपरेखा तय करना तथा इसकी प्रभावोत्पादकता की निरंतर समीक्षा करना।
- नीति विकास, कार्यान्वयन एवं समीक्षा, निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण और रिपोर्टिंग के लिए सुस्पष्ट रूप से लिखित एवं पारदर्शी प्रबंधन प्रक्रिया स्थापित करना।
- बोर्ड को यथावश्यक सभी प्रासंगिक सूचनाएँ, सलाह और संसाधन उपलब्ध कराना ताकि वह अपनी भूमिका का निर्वाह प्रभावी ढंग से कर सके।
- यह सुनिश्चित करना कि अध्यक्ष, कार्यपालक प्रबंधन के सभी पहलुओं के प्रति उत्तरदायी हों तथा बैंक के निष्पादन और बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों के कार्यान्वयन के लिए बोर्ड के प्रति जवाबदार हों। अध्यक्ष की भूमिका भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा इसमें किए गए सभी संबंधित संशोधनों से भी निर्देशित होती है।
- यह सुनिश्चित करना कि भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों तथा बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रयोज्य संविधियों, विनियमों और अन्य कार्यविधियों, नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने और यदि कोई विचलन हो, तो उसकी सूचना बोर्ड को देने के लिए किसी वरिष्ठ कार्यपालक को बोर्ड के प्रति उत्तरदायी बनाया जाए।

